NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 14 अंक: 18 लखनऊ, गुरुवार 29 अगस्त 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## विपक्ष पर सीएम योगी का वार, बोले- कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अंदर घुस गई है जिन्ना की आत्मा

I oknnkrkA

लखनऊ अलीगढ़ में एक रोजगार मेले के दौरान एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार समान विकास, बिना किसी भेदभाव के आवास, रोजगार और बिजली की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पिछली सरकारों पर तुष्टीकरण नीतियों और जाति और क्षेत्र के आधार पर सामाजिक विभाजन के माध्यम से देश के सामाजिक



ताने–बाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। अलीगढ़ में एक रोजगार मेले के दौरान एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार समान विकास, बिना किसी भेदभाव के आवास, रोजगार और बिजली की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध है। योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी हो या बहुजन समाज पार्टी...इन लोगों ने सामाजिक ताने–बाने को छिन्न–भिन्न किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, इनके अंदर श्जिन्नाश की आत्मा घुस गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश को श्दंगा प्रदेशश बना दिया था। आज उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज वह देश का अग्रणी प्रदेश बन चुका है। उन्होंने कहा कि रोजगार सभी को, भेदभाव किसी के साथ नहीं...हमने 6.5 लाख नौजवानों को प्रदेश के अंदर नौकरी दी और 2 करोड़ से अधिक नौजवानों को रोजगार दिया है। उन्होंने दावा किया कि विकास में कोई क्षेत्र पिछड़ नहीं पाएगा, विकास द्वार–द्वार तक पहुंचेगा। देश के विकास में बाधक तत्वों को आगे नहीं बढ़ने देना है। उन्होंने पार्टी के मंत्र श्सबका साथ सबका विश्वासश को दोहराया और अराजकता के खिलाफ चेतावनी दी। ऋण वितरण और युवाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए

## आगरा, गया, जोधपुर... मोदी सरकार ने 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने को दी मंजूरी, 10 राज्य होंगे कवर

एजेंसी।

नई दिल्ली रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परियोजनाएं राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईडीसीपी) के तहत आएंगी, जिसमें देश के 10 राज्य शामिल होंगे, जो रणनीतिक रूप से 6 प्रमुख गलियारों को कवर करता है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने बुधवार, 28 अगस्त को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम




(एनआईडीसीपी) के तहत भारत भर में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दे दी। सरकार इसके लिए ध28,602 करोड़ का निवेश करने जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परियोजनाएं राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईडीसीपी) के तहत आएंगी, जिसमें देश के 10 राज्य शामिल होंगे, जो रणनीतिक रूप से 6 प्रमुख गलियारों को कवर करता है। औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा–पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, यूपी में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल और कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर–पाली में स्थित होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन क्षेत्रों में 10 लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार क्षमता के साथ 1.5 लाख करोड़ रुपये की निवेश क्षमता होने का अनुमान है। बैठक के बाद प्रेस सूचना ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा, ष्भारत में जल्द ही स्वर्णिम चतुर्भुज की रीढ़ पर औद्योगिक स्मार्ट शहरों का एक भव्य हार होगा क्योंकि कैबिनेट ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 विश्व स्तरीय ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दे दी है।

## बीजेपी में शामिल होने के बाद क्या करेंगे चंपई सोरेन? आगे के प्लान का किया खुलासा

, tlhA

झारखंड चंपई सोरेन ने अपने प्लान का आज खुलासा किया है। चंपई सोरेन ने कहा कि अभी हमारे पास अगली योजना नहीं है। 30 तारीख को मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी मुझे जो भी भूमिका देगी, मैं निभाऊंगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो सरकार में मंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल होंगे। वरिष्ठ आदिवासी नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में ष्कड़वे अपमानष का सामना करने के बाद उनके पास तीन विकल्प बचे थे – राजनीति छोड़ दें, पार्टी बनाएं या समान विचारधारा वाले



संगठन से हाथ मिला लें। अपने बाहर निकलने की बढ़ती चर्चा के बीच सोरेन ने इस सप्ताह की शुरुआत में नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि भाजपा में शामिल होने के बाद वह क्या करेंगे? इसको लेकर चंपई सोरेन ने अपने प्लान का आज खुलासा किया है। चंपई सोरेन ने कहा कि अभी हमारे पास अगली योजना नहीं है। 30 तारीख को मैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी मुझे जो भी भूमिका देगी, मैं निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि हम झारखंड के लोगों की मदद के साथ–साथ आदिवासियों के विकास के लिए कदम उठाएंगे, जो बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण खतरे में है। मैं हर समय संघर्ष करके आगे बढ़ा हूं।श उन्होंने कहा कि मैं इस राज्य के विकास और आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हो रहा हूं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री चंपई सोरेन की नई दिल्ली यात्रा के दौरान निगरानी की जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के दो उपनिरीक्षक (एसआई) पिछले पांच महीने से चंपई सोरेन की जासूसी कर रहे थेय, हिमंत बिस्वा ने आगे सुझाव दिया कि यह निगरानी के सबसे दुर्लभ मामलों में से एक है जहां पूर्व मुख्यमंत्री की कथित तौर पर उनकी सरकार द्वारा जासूसी की जाती है। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि चंपई सोरेन ने बीजेपी में शामिल होने का फैसला किया है। जब तक वह इस्तीफा नहीं देंगे तब तक वह झारखंड सरकार में मंत्री हैं और पूर्व सीएम भी हैं।

## पार्टी के एक आम कार्यकर्ता से लेकर हरियाणा की सत्ता संभालने वाले नायब सिंह सैनी फिर बने पार्टी आलाकमान की पहली पसंद

, tlhA

हरियाणा के सर्वे सर्वा बने नायब सिंह सैनी पर बीजेपी आलाकमना ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। सैनी ओबीसी समुदाय से आते हैं और पिछले साल उन्हें बीजेपी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है। मनोहर लाल खट्टर के बाद हरियाणा के सर्वे सर्वा बने नायब सिंह सैनी पर बीजेपी आलाकमना ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। सैनी ओबीसी समुदाय से आते हैं और पिछले साल उन्हें बीजेपी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है। सैनी को संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। 1996 में उन्हें हरियाणा बीजेपी के संगठन में जिम्मेदारी दी गई। उसके बाद वर्ष 2002 में नायब सैनी अंबाला बीजेपी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बने थे। वर्ष 2005 में नायब सिंह सैनी भाजपा अंबाला युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने। इसके बाद नायब सिंह सैनी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें बीजेपी हरियाणा किसान मोर्चा का प्रदेश महामंत्री भी बनाया गया। सैनी का जन्म अम्बाला के मीजापुर माजरा गांव में 25 जनवरी, सन् 1970 में हुआ था। नायब सिंह ने मेरठ की चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से कानून यानि स्स्ठ की पढ़ाई की। उन्होंने बिहार के मुजफ्फरपुर के बी.आर.अम्बेडकर बिहार यूनिवर्सिटी से भी पढ़ाई की है। उन्होंने सन् 1996 में सियासत में अपना पहला कदम रखा था। उन्होंने राजनीतिक करियर की शुरुआत ठश्रच संगठन में एंट्री के साथ की थी और 2000 तक यहां कामकाज किया। इस दौरान वह संगठन में अलग–अलग पदों पर रहे। फिर 2002 में नायब सिंह अंबाला में युवा विंग के जिला महासचिव रहे।

## आदिवासी बाहुल्य पालघर क्षेत्र में बीजेपी की स्थित मजबूत, लोकसभा चुनाव जीतकर दिया महाविकास अघाड़ी को कड़ा संदेश

एजेंसी।

महाराष्ट्र पालघर लोकसभा में संपन्न हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के हेमंत हेमंत सावरा ने शिवसेना के राजेंद्र गावित से यह सीट छीनी है। 12 जुलाई 2002 को गठित परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद यह निर्वाचन क्षेत्र 19 फरवरी 2008 को अस्तित्व में आया। 2009 में यहां पर पहली बार संसदीय चुनाव लड़ा गया। पालघर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र के 48 लोकसभा क्षेत्र में से एक है। जहां हाल ही में संपन्न हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के हेमंत हेमंत सावरा ने शिवसेना के राजेंद्र गावित से यह सीट छीनी है। 12 जुलाई 2002 को गठित परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद यह निर्वाचन क्षेत्र 19 फरवरी 2008 को अस्तित्व्व में आया। 2009 में यहां पर पहली बार संसदीय चुनाव लड़ा गया। यह नवनिर्मित पालघर जिले का मुख्यालय भी है। प्रदेश की राजधानी मुंबई से यह क्षेत्र करीब 115 किलोमीटर दूर है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से 1351 किलोमीटर दूर है। पालघर लोक सभा क्षेत्र पूरी तरह से पालघर जिले के अंतर्गत ही आता है। जो दहानु, विक्रमगढ़, पालघर, बोईसर, नालासोपारा और वसई विधानसभा क्षेत्रों से मिलकर बना है। आदिवासी



बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण इसकी चार विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। 2019 के चुनाव में तीन सीट बहुजन विकास अघाड़ी के खाते में गई थीं। तो वहीं, सीपीआई, एनसीपी और शिवसेना को एक–एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। सीपीआई के देश में कुछ गिने–चुने गढ़ों में से दहानु विधानसभा क्षेत्र भी एक है। जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इस क्षेत्र से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के विनोद निकोले विधायक हैं। इससे पहले यह सीट भारतीय जनता पार्टी के पास्कल धनारे चुनाव जीतने में सफल रहे थे। महाराष्ट्र में 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया विक्रमगढ़ विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से पालघर जिले के अंतर्गत ही आता है। यह क्षेत्र भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। जहां से अजित पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील भुसारा वर्तमान में विधायक हैं। उनके पहले यहां से बीजेपी लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी है। इस लोकसभा क्षेत्र की पालघर विधानसभा सीट के मतदाताओं ने शिवसेना पर अपनी विशेष कृपा लगातार बनाकर रखी हुई है। पालघर विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना 1990 के बाद से सिर्फ एक बार ही चुनाव हारी है। जहां 2009 में उसे कांग्रेस के राजेंद्र गवित ने मात दी थी। वर्तमान में इस सीट से पार्टी के नेता श्रीनिवास बंगा विधायक हैं। बहुजन विकास अघाड़ी का पालघर लोकसभा क्षेत्र की बोईसर विधानसभा सीट पर लगातार 15 साल से जीत का परचम लहरा रहा है। इस क्षेत्र में पहली बार 2009 के चुनाव में मतदान हुआ था। जिसके बाद से बहुजन विकास अघाड़ी के अलावा दूसरी कोई पार्टी जीतने में नाकाम ही रही है। राजेश पाटिल फिलहाल इस क्षेत्र से विधायक हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में 132 नंबर से जाने जानी वाली नालासोपारा विधानसभा सीट भी 2008 के परिसीमन के बाद से ही अस्तित्व में आई है। जहां से बहुजन विकास अघाड़ी के क्षितिज ठाकुर लगातार तीन बार से विधायक चुने जा रहे हैं।

पालघर लोक सभा क्षेत्र की वसई विधानसभा सीट भी बहुजन विकास अधाड़ी के सबसे प्रभावशाली क्षेत्रों में से एक है। जहां वर्तमान में पार्टी के नेता हितेंद्र ठाकुर विधायक हैं। विधायक ठाकुर इससे पहले भी 1990 से लेकर 2009 तक इस क्षेत्र का राज्य की विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## परभणी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का उद्धव ठकारे पर भरोसा कायम

, tlhA

महाराष्ट्र परभणी महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। जहां शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के संजय जाधव ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले भी जाधव शिवसेना के टिकट पर सांसद चुने जा चुके हैं, यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। इस संसदीय क्षेत्र में परभनी और झलना जिले का हिस्सा शामिल है।परभणी महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। जहां शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के संजय जाधव ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले भी जाधव शिवसेना के टिकट पर सांसद चुने जा चुके हैं, यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। इस संसदीय क्षेत्र में परभनी और झलना जिले का हिस्सा शामिल है। पुराने समय में इस क्षेत्र को प्रभावती नगर के नाम से जाना जाता था। यह क्षेत्र निजाम रियासत का हिस्से में आता था। 1956 में इसे बंबई में शामिल किया गया बाद में यह महाराष्ट्र का हिस्सा बना। इस क्षेत्र की सीमाएं आंध्रप्रदेश से जुड़ती हैं। इस क्षेत्र में निमगिरी जैन मंदिर प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां की हजरत तराबल हक की दरगाह मुस्लिम जायरीनों के लिए प्रमुख धार्मिक स्थल है।परभणी लोकसभा क्षेत्र जिंतूर, परभणी, गंगाखेड, पाथरी, परतुर और घनसावंगी विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर बनाया गया है। जिसमें से दो सीट पर बीजेपी का कब्जा है। इसके अलावा भी शिवसेना (उद्धव ठाकरे), कांग्रेस और शरद पवार के गुट वाली (एनसीपी) का भी इस क्षेत्र में एक–एक विधायक है। परभणी लोकसभा क्षेत्र की जिंतूर विधानसभा सीट पूरी तरह से परभणी जिले के अंतर्गत ही आती है। यहां से वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की मेघना बोर्डिकर विधायक हैं। उनसे पहले इस क्षेत्र में एनसीपी के विजय भांबले भी विधायक रह चुके हैं। विधायक भांबले ने 2014 के चुनाव में दो बार के विधायक राम प्रसाद कम को हराया था।इस लोकसभा क्षेत्र का परभणी विधानसभा क्षेत्र शिवसेना का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है। जहां पार्टी का 1990 से एकछत्र राज जारी है। वर्तमान में उद्धव ठाकरे के गुट वाली शिवसेना के राहुल पाटिल यहां से लगातार 10 साल से विधायक चुने जा रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य के गठन के साथ ही अस्तित्व में आयी गंगाखेड विधानसभा सीट पूरी तरह से परभणी




जिले के तहत ही आती है। इस क्षेत्र के मतदाताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में किसी बड़ी पार्टी पर भरोसा ना जताते हुए राष्ट्रीय समाज पक्ष के उम्मीदवार रत्नाकर गुट्टे को विधानसभा पहुंचा था। विधायक गुट्टे ने इस सीट पर एनसीपी के मधुसूदन केंद्रे को हराकर अपना परचम लहराया था। बीजेपी को छोड़कर सभी दलों को जीत का मौका प्रदान करने वाला पाथरी विधानसभा क्षेत्र परभणी जिले के अंतर्गत ही आता है। यह सीट 1990 से लेकर 2004 तक शिवसेना के कब्जे में रही थी, लेकिन यहां से फिलहाल कांग्रेस के नेता सुरेश वारपुडकर विधायक हैं। परभणी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाला परतुर विधानसभा क्षेत्र राज्य का एक प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है। इस क्षेत्र में शिवसेना और एनसीपी अब तक अपना खाता खोलने में असफल ही रही हैं। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के बबनराव लोनीकर इस क्षेत्र की जनता का राज्य की विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लोणीकर इससे पहले भी 1999 से लेकर 2009 तक विधायक रह चुके हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में 100 नंबर से जाने जानी वाली घनसावंगी विधानसभा सीट पर पहली बार 2009 के चुनाव में मतदान हुआ था। इसके बाद से ही एनसीपी का यहां कब्जा है। अजित पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राजेश टोपे फिलहाल इस क्षेत्र के लगातार तीन बार से विधायक हैं।

## लखनऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 14 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 05 करोड़ 33 लाख 60 हजार की अवशेष धनराशि की गयी अवमुक्त

लखनऊ(आरएनएस)। उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 14 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 05 करोड़ 33 लाख 60 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 14 चालू कार्यों में जनपद लखनऊ के 07, खीरी व सीतापुर के 03–03 तथा रायबरेली के 01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशोंध्ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये कार्यों को सम्पादित किया जाय तथा राज्य सड़क निधि के कार्यों की वित्तीय–भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण–सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सूची अपडेट करने हेतु सर्वेक्षणकर्ता की तैनाती व रजिस्ट्रेशन समय से किया जाय

लखनऊ(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण एक महत्वाकांक्षी योजना है।उप मुख्यमंत्री ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरी सजगता व सतर्कता बरतने के निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि पात्र परिवार– लाभार्थी का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची में सम्मिलित हो। उन्होंने कहा कि आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के माध्यम से नये पात्र लाभार्थियों को सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जानी है जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप की जांय। इस सम्बन्ध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी द्वारा सभी जिला अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिए हैं कि आवास प्लस की सूची अपडेट करने के लिए ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षणकर्ता की तैनाती करते हुए विकास खण्ड स्तर से ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षणकर्ता का रजिस्ट्रेशन–ग्राम पंचायतवार मैपिंग 30 अगस्त 2024 तक प्रत्येक दशा में करा ली जाए। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि कार्य की महत्ता के दृष्टिगत उचित होगा कि इस कार्य के लिए सरकारी कर्मचारी को ही ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षण के कार्य पर सामान्यतया लगाया जाय। ग्राम पंचायत सचिवों को अपने क्लस्टर की ग्राम पंचायतों के सर्वेक्षण का दायित्व दिया जा सकता है. जिन ग्राम पंचायत सचिव के पास एक से ज्यादा क्लस्टर हैं, वहां विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत अन्य सरकारी कर्मचारी को सर्वेक्षण कार्य के लिए दायित्व सौंपे जाने पर विचार किया जा सकता है। जिलाधिकारी के विवेक पर होगा कि और कर्मचारियों की आवश्यकता अनुभव किये जाने पर ऐसे ग्राम स्तरीय अन्य सरकारी कर्मचारी, जिन्हें वह उपयुक्त समझते हों, इस कार्य के लिए लगा सकते हैं। इस कार्य के लिए संविदा कार्मिकों को न लगाया जाए।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत लखनऊ हेतु 56.28 लाख रूपये मंजूर

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 56.28 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार मंजूर की गयी धनराशि से चन्दरनगर एच0पी0 पेट्रोल पम्प से नटखेड़ा डामरी रोड एवं नाली का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इस कार्य हेतु अनुमोदित लागत 112.56 लाख रूपये के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 56.28 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

## उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के लिए 274.75 लाख रूपये मंजूर

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के लिए 274.75 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गयी है। यह धनराशि राजस्व पक्ष में वेतन एवं गैर वेतन मद में मंजूर की गयी है। महिला कल्याण विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं।

# उच्चशिक्षा हेतु कनाडा के अल्गोमा विश्वविद्यालय में सी.एम.एस. छात्र चयनित

लखनऊ, 28 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र मोमिन खान को उच्चशिक्षा हेतु कनाडा की अल्गोमा विश्वविद्यालय द्वारा चयनित किया गया है जहाँ वे मनोविज्ञान में बीए करेंगे। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मोमिन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मोमिन दूसरों की मदद करने के जुनून से प्रेरित, सहायता, परामर्श और चिकित्सा के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव डालने की इच्छा रखते हैं। उनका लक्ष्य नैदानिक मनोविज्ञान, परामर्श या सामाजिक कार्यक्षेत्र में अपना करियर बनाना है तथा मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रहे लोगों की सहायता और उनके जीवन में सार्थक बदलाव लाना है। सी.एम.एस. के हेड कम्यूनिकेशन श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों का अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयन हो चुका है।



# अन्तर विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र का श्रेष्ठ प्रदर्शन

लखनऊ, 28 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र अरमान श्रीवास्तव ने अन्तर विद्यालय तैराकी प्रतियोगता में 2 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन स्टडी हॉल स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड कम्यूनिकेशन श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत सी.एम.एस. छात्र ने 2 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन होनहार तैराकी की उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।



# छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती ने बगल रहने वाले एक युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। बताया गया कि घटना के समय युवती घर में अकेली थी। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार जब वह अपने घर में अकेली थी तभी बगल के रहने वाले युवक ने घात लगाकर उसके साथ छेड़खानी करनी शुरू कर दिया। युवती ने विरोध किया तो युवक जान–माल की धमकी देते हुए भाग गया। युवती के घर वाले जब घर पर आए तो युवती ने उन्हें घटना के बाबत जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने बगल रहने वाले युवक की करतूतों के खिलाफ उसके घर वालों से विरोध दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। जिस पर बगल के युवक अंकलेश्वर सिंह व उनके घर वाले मारपीट पर उतारू हो गए और पीड़िता व उसके परिवार के साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने अंकलेश्वर सिंह, बिंदु सिंह, बीना सिंह, आशा सिंह, ऋषभ सिंह, शरद सिंह, गंगेश सिंह, राही सिंह व मन्नू सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनायत नगर इंस्पेक्टर अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# बेकाबू कार की टक्कर से टूटा हाईटेंशन तार, गिरने से आग का गोला बन गई कार

## –पूराबाजार–नया गांव मार्ग पर मंगलवार रात हुआ हादसा

अयोध्या(आरएनएस)। थाना महराजगंज इलाके के पूराबाजार – नया गांव मार्ग पर मंगलवार रात दस बजे एक अनियंत्रित कार 11 हजार लाइन के बिजली पोल से जा भिड़ी। लाइन टूट कर गिरने से कार में आग लग गई। चंद मिनटों में ही कार आग का गोला बन गई। कार में सवार दो लोग किसी तरह से बाल – बाल बच गए। इलाके के नारा भिटरिया निवासी चेतन मिश्र अपने साले के साथ अयोध्या से घर लौट रहे थे।बताया जाता है कि तेज गति से आ रहे कार सवार अपना नियंत्रण खो बैठे और रोड पर लगे बिजली के खंभे से उनकी कार टकरा गई। कार के पोल से टकराने के बाद तेज आवाज हुई तो आसपास के लोग दौड़े और कार के अंदर बैठे दोनों लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों सवार सुरक्षित बच गए।एसएचओ अमरजीत सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी और विद्युत विभाग से अवगत कराया गया। सूचना के बाद लाइन बंद कराई गई लेकिन अग्निशमन विभाग से कोई नहीं पहुंचा, ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई। कार चालक चेतन मिश्रा निवासी ग्राम सभा नारा भिटरिया ने बताया कि अपने घर जा रहा था,पता नहीं कैसे कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई।फिलहाल कार सवार दोनो सुरक्षित व सकुशल है।

# प्रेसिडेंट कप इंडो भूटान सीरीज जीत कर आई महिला क्रिकेटरों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

अयोध्या(आरएनएस)भारतीय महिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में अयोध्या उत्तर प्रदेश के सात खिलाड़ियों के लिए अपना स्थान बनाने और लगातार दूसरे वर्ष प्रेसिडेंट कप इंडो भूटान सीरीज की टीम को 2–1 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने वाली अयोध्या विधानसभा की सातों खिलाड़ियों को पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सम्मानित किया, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल ने सभी खिलाड़ियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया,इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि भूटान सीरीज जीतकर अयोध्या विधानसभा की बेटियों ने अयोध्या के साथ साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, पूर्व मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में श्री अखिलेश यादव जी ने ऐसी अनेक योजनाएं निकाली जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता था, आज वो सभी योजनाएं मौजूदा सरकार ने बंद कर दी है जिससे खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# थानाध्यक्ष ने भीड़ के सामने जोड़े हाथ, चौबीस घंटे बाद उठा शव

## –संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में बुधवार को भी बना रहा तनाव

अयोध्या(आरएनएस)। महराजगंज थाना इलाके के कोटवा गांव के रहने वाले अमन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में बुधवार को भी तनाव छाया रहा। युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए बुधवार सुबह बड़ी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता और ग्रामीण पुलिस से उलझे रहे। कई घंटे तक चले हंगामे और बहस के बीच एसएचओ को भीड़ के सामने हाथ जोड़ना पड़ा। इसके बाद जाकर लोग मानें। तकरीबन 24 घंटे बाद परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हुए। जन्माष्टमी वाली रात अमन(18) का शव उसके घर के पास पाया गया था। इसके बाद परिजनों ने मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को ब्लॉक तिराहे रख कर जाम लगा दिया था। करीब एक घंटे तक चले जाम के दौरान हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया और शव घर ले आए। इसे लेकर हलकान पुलिस सारी रात मान मनौव्वल करती रही, लेकिन परिजन नहीं माने। बुधवार सुबह बड़ी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष संजय रावत के नेतृत्व में कोटवा गांव पहुंच गए। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद ग्रामीण भी जुट गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और हंगामा करने लगे।बिना कार्रवाई के दाह संस्कार न करने पर अड़े लोगों को समझाने में पुलिस के पसीने छूटने लगे। इस दौरान महिलाओं ने भी घेराव कर पुलिस पर आरोपियों को बचाने का खेल करने का आरोप लगाते हुए चीख चिल्लाहट शुरू कर दी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस बैकफुट पर आ गई। इस दौरान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ सदर संदीप सिंह और भीम आर्मी के अध्यक्ष के बीच तीखी वार्ता हो गई। इसके बाद एसएचओ अमरजीत सिंह को बड़ी मिन्नतें करनी पड़ीं। यहां तक की भीड़ के सामने उन्हें नौकरी की दुहाई देते हुए हाथ तक जोड़ना पड़ गया। परिजन भी रिपोर्ट दर्ज कराने पर अड़े रहे, तब भाई की तहरीर पर मृतक अमन के तीन दोस्तों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कापी परिजनों और भीम आर्मी को सौंपी गई। तब जाकर पुलिस की सुरक्षा के बीच शव उठाया गया और गांव के निकट ही अंतिम संस्कार किया गया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस अभी भी कैंप कर रही है।

बताते चलें कि जन्माष्टमी के दिन 26 अगस्त को महराजगंज थाना क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी अमन पुत्र दयाराम के यहां तीन दोस्त 6:30 बजे पहुंचे और श्रीकृष्ण महोत्सव दिखाने के लिए बुला कर ले गए। रात करीब एक बजे अमन का शव उसके घर के पास पाया गया। संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाए जाने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मंगलवार दोपहर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए ब्लाक तिराहे पर शव रख कर जाम लगा दिया। घंटों चले जाम के दौरान पुलिस अंतिम संस्कार के लिए विनती करती रही लेकिन केस दर्ज होने तक परिजनों ने दाह संस्कार से इंकार करते हुए शव घर ले आए थे।

बुधवार को हंगामे के बाद पुलिस ने भाई रमन की तहरीर पर अमन के दोस्तों प्रिंस वर्मा पुत्र महादेव वर्मा निवासी कादीपुर, विकास पुत्र अक्षय लाल कोटवा, रवि वर्मा पुत्र सरकार वर्मा कादीपुर समेत एक अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।एसएचओ अमरजीत सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर तीन नामजद समेत एक अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बरकरार है।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक

अयोध्या(आरएनएस)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह, जिलाधिकारी अमेठी निशा अनन्त, बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार, सुल्तानपुर कृत्तिका ज्योत्सना सहित मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी जनपदों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डलायुक्त ने हाईवे तथा अन्य सड़कों के निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर गौ–आश्रय स्थल पर ले जाने तथा गौ–आश्रय स्थल में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना के अन्तर्गत जिन–जिन गांवों में पानी की सप्लाई प्रारम्भ हो गयी है वहां पर पानी की सप्लाई की व्यवस्था के स्थायी होने तक संचालन हेतु यथावश्यक एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर ली जाए जहां से प्रत्येक गावों के ग्रामवासियों से यादृक्षिक रूप से सप्लाई की जानकारी ली जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि लोगों द्वारा विद्युत बिल की त्रुटि के सम्बंध में शिकायतें की जाती है उन सभी शिकायतों को सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्रुटि की जांच कराएं यदि कोई सम्बंधित कार्मिक दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि एडेड स्कूलों के भवन ऐतिहासिक है परन्तु उनकी देख–रेख एवं मरम्मत के अभाव के कारण जर्जर प्रतीत होते है सम्बंधित अधिकारी एडेड स्कूल के मैनेजमेंट से संवाद स्थापित करते हुये उन विद्यालयों की यथावश्यक मरम्मत करवायें। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही विभिन्न प्रकार की शिकायती सन्दर्भो का निस्तारण गुणवत्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाय। मण्डल में लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि जो भी ग्रामीण सड़कों की मरम्मत की जाय उसकी गुणवत्ता बेहतर हो, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाय तथा इसकी नियमित जांच भी करायी जाय।

मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीणध शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गों का अनुरक्षण, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना, सौभाग्य योजना आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग की योजनाओंध्कार्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुंचाया जाये। बैठक में बिन्दुवार विवरण संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने प्रस्तुत किया।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी ,मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या ऋषिराज, बाराबंकी ए0 सुथन, अमेठी सूरज पटेल, सुल्तानपुर अंकुर कौशिक,मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत, अधीक्षण अभियंता गण, वन संरक्षक, अपर निदेशक शिक्षा, संयुक्त निदेशक, प्र0 उप निदेशक सूचना, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या सहित अन्य मण्डल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। एक अन्य बैठक में राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। आयुक्त गौरव दयाल के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी द्वारा आज मण्डल के राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में पांचों जनपदों के अपर जिलाधिकारीध्राजस्व अधिकारी गण, आबकारी, जीएसटी आदि विभागों के अधिकारियों के अलावा मण्डलीय कार्यालय के वरिष्ठ सहायक गण, पटल सहायक गण आदि उपस्थित थे।

# रोडवेज बस से टकराई ट्रक चालक परिचालक समेत एक दर्जन यात्री घायल

बछरावां,रायबरेली(आरएनएस)। हाईवे पर बुधवार भोर लगभग चार बजे मिर्जापुर से बस लखनऊ जा रही थी। रोडवेज बस पीठन गांव के पास आगे चल रहे बोल्डर लदे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई । टक्कर के बाद बस ट्रक में फंस गई । दुर्घटना देख ट्रक चालक भागने की फिराक में था । जिसके चलते लगभग डेढ़ सौ मीटर तक वह बस को घसीटते हुए ले गया । जब बस ट्रक से अलग हुई । तो ट्रक चालक मय वाहन फरार हो गया है । वही बस का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है । टक्कर के बाद ट्रक पर लगे कुछ बोल्डर हाईवे पर बिखर गए । हादसे में चालक बद्री प्रसाद पुत्र रामनरेश उम्र लगभग 39 वर्ष निवासी शिवपुर बाजार विंध्याचल , परिचालक मनोज कुमार शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी मदीहाव मिर्जापुर , नरोत्तम सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी सरकथाल पिपली टाण्डा , मोहम्मद इमरान पुत्र मुर्तजा अहमद उम्र लगभग 34 वर्ष निवासी रामबाग मिर्जापुर , वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा पुत्र सीताराम मल्होत्रा लगभग 76 वर्ष निवासी कटनी टोला चौक लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है । इनके अलावा अन्य आठ बस यात्रियों को मामूली चोटे आई है । जो दुर्घटना के बाद अपने गंतव्य को चले गए हैं । थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घायलों का इलाज कराया गया है । तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न पर गुस्सा, धर्म सेना पहली को निकालेगी विरोध मार्च

अयोध्या(आरएनएस)। एक सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ हिंदू संगठन बड़ा प्रदर्शन करेंगे।शहर के गुलाबबाड़ी से लेकर सिविल लाइन तक पैदल मार्च होगा। कई हिंदू संगठन के हजारों लोग पैदल मार्च में शामिल होगा।धर्म सेना के नेतृत्व में हिंदू महासभा मित्र मंच व कई अन्य संगठन शामिल होंगे।प्रधानमंत्री गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा जाएगा। बता दे कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार रोकने मांग की।वही बांग्लादेशी घुसपैठी रोहंगियो को देश से निकालने मांग की।सरकार नहीं करती हस्तक्षेप तो हिंदू संगठन रोहंगियों के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान युवा नेता यश पाठक ने बताया कि 1 सितंबर कोबांग्लादेश के खिलाफ धर्म सेना की और से धर्म युद्ध आगाज हुआ है।इस धर्म युद्ध के शांति मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं शामिल होगे।उन्होंने सभी युवाओं से अनुरोध किया शांति मार्च में भारी से भारी संख्या में शामिल होकर प्रतिभाग करें। क्योंकि हमारे पूर्वजों ने विदेशी आक्रांताओं और मुगलों से युद्ध लड़े थे।उन्होंने अपने धर्म संस्कृति और देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया। उनका त्याग व्यर्थ ना जाए।इसी को लेकर बांग्लादेश के खिलाफ शांति मार्च निकाला जाएगा। वहीं धर्म सेना प्रमुख संतोष दुबे ने बांग्लादेश में घट रही घटनाओं पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म सेवा समस्त विश्व के हिंदुओं के साथ खड़ी हुई है, अगर आज हिंदू एकजुट नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियां हमें दिन रात को उलाहना और ताने देगीं, हमारा आज का कायरतापन हमारे आने वाली पीढ़ियां के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा भारत को तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे इस्लामी जिहादियों और आतंकी संस्थाओं के हौसलों को तोड़ने के लिए यह कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है, बांग्लादेश लगी हुई आग आज धीरे–धीरे भारत को भी अपने लपेटे में ले रही है प्रत्येक हिंदू को अपनी सुरक्षा के लिए संगठित होने की आवश्यकता है अगर हमें अपना राष्ट्र और अपना धर्म सुरक्षित रखना है तो हिंदुओं को एकजुट होना ही पड़ेगा प्रतिदिन 5000 बांग्लादेशी घुसपैठियों के भारत में प्रवेश की घटना बेहद चिंता प्रकट करने वाली है भारत सरकार को तत्काल प्रभाव से इसके विरुद्ध कठोर कदम उठाने चाहिए। प्रेसवार्ता में मित्र मंच के अध्यक्ष शरद पाठक बाबा, युवा नेता यश पाठक, समाजसेवी अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, हिंदू महासभा के मनीष पांडे व अन्य नेता शामिल रहे।

# अयोध्या में 47 करोड़ की लागत से बन रहे फारेंसिक लैब के निर्माण को गति दे रही सरकार

## –मई 2025 तक पूरा हो जाएगा बी ग्रेड फारेंसिक लैब के निर्माण का कार्य

अयोध्या(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार रामनगरी अयोध्या में मंडल मुख्यालय स्तरीय बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब निर्माण कार्य को प्रगति प्रदान की जा रही है। शासन से परियोजना की स्वीकृति के बाद 47 करोड़ की लागत से आकार लेने वाले इस बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है। लैब का निर्माण टेढ़ी बाजार क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के निकट किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल अयोध्या जनपद मे जिला स्तरीय क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के एक फील्ड यूनिट का कार्यालय है। यहां विशेषज्ञ समेत अन्य की तैनाती की गई है लेकिन इनके पास विधिक रूप से जिम्मा केवल सैंपल एकत्रीकरण कर संबंधित लैब को जाँच के लिए भिजवाने का ही है। अपराध अन्वेषण में यह लोग पुलिस की व्यवहारिक मदद तो कर सकते हैं, लेकिन विधिक रिपोर्ट लैब की ही मान्य है। ऐसे में, बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण से केवल कुछ अति आधुनिक जांचों को छोड़कर ज्यादातर जांचे यहीं पर संभव हो जाएंगीं जिससे समय और धन की बचत तो होगी ही, साथ ही त्वरित रिपोर्ट हासिल हो सकेगी।

रामनगरी में बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कुल 10266.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। जबकि, विभाग के पास मौजूद कुल जमीन 15220 वर्ग मी. में बाकी ओपन स्पेस रहेगा। गृह विभाग के टेक्निकल सेल तथा नियोजन विभाग के समन्वय से ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है। यूपीपीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार कराये गए डीपीआर के मुताबिक पांच मंजिला लैब की बिल्डिंग 10266.40 वर्ग मीटर में स्थित होगी। इसमें दो मंजिला डॉरमेट्री एवं गेस्ट हॉउस 395.90 वर्ग मीटर में, गैरेज एन्ड एलायड बिल्डिंग 250.20 वर्ग मीटर में, मैसेंजर व गॉर्ड रूम 89 वर्ग मीटर में, वर्कशॉप 42 वर्ग मीटर में, 1000 किलोवाट से ज्यादा क्षमता का विद्युत व पंप रूम 51.50 वर्ग मीटर में निर्मित कराया जा रहा है। साथ ही, 100 किलो लीटर क्षमता की उपरगामी टंकी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और बाउंड्रीवॉल जैसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। वर्ष 2017 में विभाग की ओर से मंडल मुख्यालय पर आधुनिक संसाधनों से युक्त फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसके लिए विद्याकुंड से रानोपाली रोड पर रामनगरी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रेलवे स्टेशन के पास 3.76 एकड़ जमीन ली गई थी। हालांकि, लैब की स्थापना की कवायद सरकारी फाइलों में घूमती रही। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री व सेवन को रोकने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के बाद संचालित लैब का बोझ काम करने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब की संख्या और दायरा बढ़ाने पर विचार शुरू हुआ। इसी के बाद अयोध्या समेत छह मंडल मुख्यालयों पर बी ग्रेड लैब संचालन को हरी झंडी मिली। अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण (खण्ड–दो) उमेश चन्द्र ने बताया बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कार्य सात नवम्बर 2023 से प्रारम्भ है। यह निर्माण 17 मई 2025 तक पूरा होना है। अब तक 30 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लैब की स्थापना से अपराध नियंत्रण व अन्वेषण, अनुसंधान तथा मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने में त्वरित व प्रभावी मदद हासिल हो सकेगी। इस लैब की स्थापना के बाद सैंपल को बाहर नहीं भेजना पड़ेगा, जिससे समय और धन की बचत का मार्ग सुनिश्चित होगा।

# पेट्रोल की जगह गाड़ियों में भर दिया पानी, हंगामा

रायबरेली(आरएनएस) ।शहर कोतवाली क्षेत्र के हाथी पार्क के पास इंडियन आयल के पेट्रोल पंप से बुधवार शाम पेट्रोल की जगह पानी निकलने लगा। लोग पेट्रोल भराकर आगे बढ़े तो वाहन बंद होने लगे। कई बार कोशिश के बाद भी जगह वाहन नहीं स्टार्ट हुए तो मैकेनिक को बुलाकर दिखवाया ।पता चला कि टंकी में पेट्रोल की जगह पानी भरा है। इसके बाद एक–एक कर लोग वाहन को धक्का लगाते हुए पेट्रोल पंप पर पहुंचे। यहां भीड़ इकट्ठा होने के बाद हंगामा शुरू हो गया। इस घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पहुंची और मामला समझा। इसके बाद बाइक सवार लोगों का पैसा वापस कराया और उन्हें शांत कराया ।शहर के हाथी पार्क स्थित जैन पेट्रोल पंप है ।बुधवार को पेट्रोल लेने आए शाहिल,



सुरेंद्र,अजीत, सतीश अभिषेक, राज जैसे दो दर्जन लोगों की बाइकों में पेट्रोल की जगह पानी डाल दिया गया। इससे कई लोगों की बाइक कुछ देर बाद बंद होने लगीं। धीरे–धीरे इस परेशानी से दो–चार होने वालों की संख्या बढ़ने लगी। सभी बाइक सवार जब बाइक मिस्त्री से चेक कराना शुरू किए तो पता चला कि टंकी में पेट्रोल की जगह पानी भरा हुआ है। इस पर आक्रोशित बाइक स्वामी शाम करीब तीन बजे एकजुट होकर टंकी पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर लोगों को शांत कराया ।मामला बढ़ता देख सिटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र श्रीवास्तव व डीएसओ विमल शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और पेट्रोल पंप को बंद करवा दिया और जांच के आदेश दिए है।

# बच्चें बने राधा–कृष्ण मनाया कान्हा का जन्मोत्सव

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)। सरस्वती शिशु मंदिर में रुप सज्जा प्रतियोगिता के अन्तर्गत योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव व दही हांडी कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण राधा व ग्वाल के रुप मे मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए व उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिये ।

कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती इंदू बाजपेई ने कहा कि आज का कार्यक्रम कृष्ण मय हो गया है। भगवान श्री कृष्ण ने असुरों का दमन कर धर्म की स्थापना की थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अनीता पाण्डेय व मीना कंचन उपस्थित रही ।कार्यक्रम में अनेकों भैया बहनों ने सहभागिता की ।

# संपादकीय

## छन्दय-मोड में श्रीलंका

छन्दय यानि इलेक्शन 7 इलेक्शन यानि चुनाव । सिंहली-अंग्रेजी युग्म रचें तो होगा छन्दय-मोड। यानि हमारा समुद्रतटीय पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका इन दिनों छन्दय मोड में है। ज्यादा वक्त नहीं है। एक महिने बाद 21 सितंबर को करीब एक करोड़ 70 लाख मतदाता विषम परिस्थितियों से गुजर रहे द्वीप-राष्ट्र का नया राष्ट्रपति चुनेंगे!

बिसात बिछी है। पांसे फेंके जा चुके हैं। वातावरण आवेशित है। दुविधा है। संभ्रम है।ज्यादातर खिलाड़ी सुपरिचित हैं। यूं तो एक अनार के लिये बीमारों की संख्या 39 है, किंतु मुकाबले में मुख्यतरू चार खिलाड़ी हैं। ये चार खिलाड़ी हैंरू अनेक दलों का समर्थन प्राप्त, निवर्तमान राष्ट्रपति निर्दलीय प्रत्याशी रानिल विक्रमसिंघे, समागी जन बालवेगया के सजिथ प्रेमदासा, श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना के नमल राजपक्षे और जनता विमुक्ति पेरामुना के अनुरा कुमारा दिसानायके। इनमें पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके 75 वर्षीय रानिल वरिष्ठतम हैं, जबकि सन 2019 के चुनाव में असफल रहे सजिथ प्रेमदासा और अनुरा दिसानायके क्रमशरू 57 और 55 वर्ष के हैं। श्रीलंका की राजनीति में सर्वाधिक प्रभावशाली रहे कुबेर-घराने के नमल की आयु 38 वर्ष है। गौरतलब है कि श्रीलंका? की राजनीति में राजपक्षे परिवार को स्वेच्छाचारी और एकाधिकारवादी घराने के तौर पर जाना जाता है। विगत संसदीय चुनाव में उसके पांच सदस्य जीते थे। महिंदा राजपक्षे बने प्रधानमंत्री, अनुज त्रयी गोटबाया राष्ट्रपति, चमल सिंचाई मंत्री, बेसिल वित्तमंत्री और पुत्र नमल खेलमंत्री। सन 2022 में व्यापक जनाक्रोश राजपक्षे परिवार के खानदानी राज के पतन का कारण बना। यूँ तो रानिल सत्ताच्युत गोटबाया राजपक्षे की पसंद थे, लेकिन वक्त ने रानिल पर गोटबाया के भरोसे की चूलें हिला दी है। यही वजह है कि अविश्वास और आशंका के वशीभूत उन्होंने युवा नमल को मैदान में उतार दिया है। लंदन विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक नमल एसएलपीपी का पोस्टर ब्वॉय हैं। उनको मिले वोट इस बात का पैमाना होंगे कि अधिनायक-वृत्ति और स्वेच्छाचारिता के बावजूद श्रीलंकन राजपरिवार को कितना पसंद करते हैं? यह एक ऐसा यक्ष प्रश्न है, जिसका उत्तर 21 सितंबर से पहले नहीं मिल सकता। पिछले दो दशकों से श्रीलंका में सता की चाबी राजपक्षे परिवार के हाथों में है। सन 2004 में प्रेसीडेंट चंद्रिका कुमारतुंगा ने महिंदा को पहले-पहल पीएम बनाया था। उसके साल भर बाद महिंदा राष्ट्रपति बने और सन् 2015 तक पदासीन रहे। तीन साल बाद उनका सितारा फिर चमका और सन 2019 से 2022 तक वह फिर पीएम रहे। कोरोना काल के बाद सन 2022 उनके लिये अपशकुनी सिद्ध हुआ। अरागलिया विद्रोह ने राजपक्षे परिवार के पाँवों तले से जमीन खींच ली। एकबारगी लगा कि महिंदा पलायन को बाध्य होंगे, लेकिन कूचे से बेआबरू होकर निकलने की अटकलों-आशंकाओं के बीच उन्हें पूर्वोत्तर प्रांत के नौसैनिक अड्डे त्रिंकोमाली में मुकम्मल सुरक्षा मिल गयी। राजपक्षे घराना फौजी हिफाजत में तबसे वहीं रह रहा है।श्रीलंका में चीन की रुचि और भारत की चौतरफा घेराबंदी की उसकी कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। कुछ भी पहले हंबनटोटा बंदरगाह सुर्खियों में था। चीन से राजपक्षे का मोह अभी भी कायम है। 27 जून, 2024 को महिंदा चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गये। जाहिर तौर पर वह चीन के विदेश मंत्री वांग के न्यौते पर बीजिंग गये थे। मकसद था पंचशील की 70वीं वर्षगांठ पर समारोह में शिरकत। वहां वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से मिले। तदंतर उनकी चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग से ऋण पुनर्गठन मसौदे पर भी चर्चा हुई। कहना कठिन है कि महिंदा और चीनी नेताओं के बीच चुनाव और भावी राजनीति को लेकर क्या खिचड़ी पकी, लेकिन इस बाबत महिंदा की चुप्पी अटकलें उपजाती हैं। अपने एकाधिक श्रीलंका प्रवास में मैंने पाया कि भारत और श्रीलंका के रिश्ते गर्भनाल सरीखे हैं। जातीय और सांस्कृतिक संदर्भ भारत-श्रीलंका मैत्री को दृढ़ आधार प्रदान करते हैं। भारत के लिये श्रीलंका का अतिरिक्त सामरिक महत्व भी है। भारत ने भयावह वित्तीय संकट? का सामना करने में कोलंबो की भरपूर मदद की है। सारे घटना पर भारत की पैनी निगाह है। यही वजह है कि भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो जाने पर महिंदा राजपक्षे से मुलाकात और चर्चा की। बात यहीं खत्म नहीं होती। चार फरवरी, 24 को जनता विमुक्ति पेरामुना के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके, वरिष्ठ एमपी विजिता हेराथ, सचिव निहाल अबेसिंघे और कार्यकारी समिति के सदस्य प्रोफेसर अनिल जयंता दिल्ली आये तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर से मिले। अनुरा दिसानायके वामपंथी सोच के मुखर नायक हैं और इस छन्दय-द्वंद्व में चमकीली संभावना बनकर उभरे हैं। बहुत संभव कि वह कोलंबो की सत्ता की दिलचस्प और पेचीदा लड़ाई में दिल्ली की परोक्ष पसंद बनकर उभरें। अनुरा राजधानी कोलंबो से सांसद हैं और भ्रष्टाचार-विरोधी मुहीम के पुरोधा भी। केलानिया विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक अनुरा एक श्रमिक के बेटे हैं ।

## पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा

बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं और वे किसी फैसले को वापस नहीं लेते हैं। इस कार्यकाल में सामने यह आया है कि सरकार चलती रहे, इस तकाजे के कारण वे किसी अन्य नेता की तरह ही व्यवहार करते हैं। इसका ताजा उदाहरण उच्च नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को वापस लेने का प्रकरण है। इसके पहले वक्फ बोर्ड विधेयक, पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी, और कथित सेकुलर कानून लाने का इरादा जताने के बाद एनडीए समन्वय समिति की बैठक बुलाने की तत्परता से ये रुझान जाहिर हुआ है। पिछले चार जून को आए चुनाव नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी ताकत निरंतरता की धारणा बनाने में झोंकी। मगर सिर्फ ढाई महीनों में जाहिर हो गया है कि नए बने संसदीय समीकरण के बीच फैसलों को स्ट्रीमरोल करने का पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा है। लोकतांत्रिक नजरिए से इसे सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। बहरहाल, यह लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सरकार को सियासी झटका भले लगा हो, लेकिन इससे इस नीति में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।दरअसल, इसके जरिए 45 पदों की भर्ती के लिए निकले विज्ञापन का विरोध करने वाले विपक्षी दलों को नीतिगत रूप से भर्ती के इस तरीके पर कोई एतराज रहा भी नहीं है। ष्कुशलताष और ष्प्रतिभाष से संबंधित तर्कों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं है। जबकि इन्हीं तर्कों से नीति निर्माण की सारी प्रक्रिया कॉरपोरेट सेक्टर के हाथ में दे दी गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने जारी विज्ञापन में आरक्षण ना होने का भावनात्मक मुद्दा उछाला। भारत में गुजरे तीन दशकों सारी सियासी बहस और गोलबंदी जातीय या सांप्रदायिक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। इन दोनों तरह के मुद्दों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण होने की संभावना लगातार बनी रहती है। इसे समझते हुए ही केंद्र ने अपने कदम में सुधार का फैसला किया है। यह साफ कहा गया है कि लेटरल एंट्री में जातीय आरक्षण का प्रावधान कर नए सिरे विज्ञापन जारी होगा। जाहिर है, विपक्ष को तब कोई आपत्ति नहीं होगी।

# थाईलैंड में चीनी प्रभाव कम करने का समय



भारत ने दक्षिणी थाईलैंड में इस्लामी अलगाववादियों से निपटने के लिए थाई लोगों की सहायता की, जिसके बदले थाईलैंड ने कंबोडिया में उत्पन्न होने वाले हथियारों की आपूर्ति के लिए उनकी जमीन का उपयोग करने वाले भारतीय अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की।बैंकॉक भारतीयों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। नई दिल्ली से थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक जाने में महज चार-पाँच घंटे लगते हैं। अब यदि आप बैंकॉक जाएंगे, तो वहां आपका स्वागत थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री पैटॉन्गटर्न शिनावात्रा की सरकार करेगी। भारत और थाईलैंड के संबंध हजारों साल पुराने हैं। चाहे वह व्यापार हो, सांस्कृतिक आदान-प्रदान हो, या फिर सामरिक दृष्टिकोण से जुड़ी साझेदारी हो, दोनों देशों के बीच के संबंध अद्वितीय हैं। परंतु, वर्तमान समय में, थाईलैंड का झुकाव चीन की तरफ अधिक होता दिख रहा है, जो भारत के लिए एक चुनौती हो सकती है। भारतीयों के लिए थाईलैंड न केवल पर्यटन का एक लोकप्रिय केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध गहरे रहे हैं। पैटॉन्गटर्न, जिन्हें श्उंग इंगश के नाम से भी जाना जाता है, अपनी चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद प्रधानमंत्री बनने वाली थाईलैंड की दूसरी महिला नेता हैं। उनका चुनाव भारत के लिए उनके पिता प्रधानमंत्री थाक्सिन द्वारा स्थापित गर्मजोशी भरे संबंधों को और मजबूत करने का एक रणनीतिक अवसर है। थाई राजनीति का यह नया दौर ऐसे समय में आया है, जब भारत का व्यापक लक्ष्य दक्षिण पूर्व एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना है। उनके राजनीतिक कॅरियर का उदय एक विशेष रूप से अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के बीच हुआ, जब थाईलैंड में संवैधानिक अदालत ने उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री स्रेथा थविसिन को एक विवादास्पद कैबिनेट नियुक्ति के कारण पद से हटा दिया। थाईलैंड में सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता का लंबा इतिहास रहा है। 2006 और 2014 में हुए दो बार हुए सैन्य तख्तापलट ने देश की राजनीति को बुरी तरह प्रभावित किया। थाईलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री, यिंगलक शिनावात्रा, जो पैटॉन्गटर्न की चाची हैं, का कार्यकाल भी इसी अस्थिरता का शिकार हुआ। हालांकि, भारत के लिए इन घटनाओं के बीच एक रणनीतिक अवसर भी छिपा है। थाक्सिन शिनावात्रा और भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल 2001 से 2006 के दौरान भारत-थाईलैंड संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। आर्थिक-रणनीतिक सहयोग बढ़ा। मुक्त व्यापार समझौता हुआ, और संयुक्त सैन्य अभ्यास और द्विपक्षीय नौसैनिक रक्षा सहयोग भी शुरु हुआ। समुद्री सहयोग व कनेक्टिविटी बढ़ाने के अलावा भारत, म्यांमार और थाईलैंड के बीच त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देशों में उल्लेखनीय सहयोग देखा गया।

भारत की स्वतंत्रता के बाद सन 1947-76 के दौरान भारत-थाई संबंध ठंडे रहे थे। 1970 के दशक तक थाईलैंड पर सैन्य शासकों का शासन था। 1986 में भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की थाईलैंड यात्रा ने इस स्थिति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1994 में शुरू हुई भारत की श्लुक ईस्टश नीति और थाईलैंड की श्लुक वेस्टश नीति ने द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम दिया। इसके बाद के वर्षों में, दोनों देशों ने अपने आर्थिक और सामरिक सहयोग को बढ़ाया। 2011 में थाक्सिन की बहन यिंगलक शिनावात्रा के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके कार्यकाल (2011-2014) के दौरान भारत और थाईलैंड के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, और व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया गया। हालांकि, 2014 में यिंगलक शिनावात्रा को भी सत्ता से बेदखल कर दिया गया, और वह अब चीन में निर्वासित जीवन बिता रही हैं। इस बीच, थाईलैंड और चीन के संबंध मजबूत होते गए। थाईलैंड अब चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है और दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सैन्य सहयोग में भी तेजी आई है। चीन ने थाईलैंड में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बड़ा निवेश किया है, जैसे कि बैंकॉक को लाओस-चीन हाई स्पीड रेल से जोड़ने का प्रोजेक्ट। इसके अलावा, चीन ने थाईलैंड को 5ळ नेटवर्क स्थापित करने के लिए हुवावे जैसी कंपनियों के माध्यम से भी सहायता प्रदान की है।थाईलैंड में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत ही नहीं अमरीका के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौती है। शीत युद्ध के बाद से अमरीका थाईलैंड का प्राथमिक हथियार आपूर्तिकर्ता रहा, लेकिन यह स्थान अब चीन ने ले लिया है। चीन ने न केवल थाईलैंड के रक्षा क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाया है, बल्कि थाईलैंड के साथ नियमित रूप से संयुक्त सैन्य अभ्यास भी किया है। इसके अलावा, थाईलैंड ने चीन से बड़ी संख्या में टैंक, बख्तरबंद वाहन, और पनडुब्बियाँ खरीदी हैं। चीन अब थाईलैंड का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया है। 2023 में थाईलैंड में चीन का कुल निवेश 43ः बढ़कर 23.79 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था पर चीन के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में लगभग 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इस व्यापार में भारत का हिस्सा कम है। थाईलैंड में भारत का मुख्य निर्यात कपड़ा, रत्न और फार्मास्यूटिकल्स हैं, जबकि थाईलैंड से भारत को आयात मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोक्ता उत्पादों का है। भारत और थाईलैंड दोनों ही आसियान क्षेत्रीय मंच और एशिया सहयोग वार्ता जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक साथ काम करते हैं।भारत ने दक्षिणी थाईलैंड में इस्लामी अलगाववादियों से निपटने के लिए थाई लोगों की सहायता की, जिसके बदले थाईलैंड ने कंबोडिया में उत्पन्न होने वाले हथियारों की आपूर्ति के लिए उनकी जमीन का उपयोग करने वाले भारतीय अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई की। 2006 से भारत-थाई नौसेनाओं की अंडमान सागर में प्रतीकात्मक ष्समन्वित गश्तष और जनवरी 2012 में रक्षा सहयोग के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बावजूद कहीं न कहीं दोनों देशों के सुरक्षा संबंध अपेक्षाकृत अविकसित ही हैं। कुल मिलाकर थाईलैंड में भारत चीन से पिछड़ रहा है।

ऐसा तब है, जब दोनों देशों के संबंध हजारों साल पुराने हैं। थाई संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव है। थाईलैंड बौद्ध धर्म को मानता है, जो भारत से उत्पन्न हुआ है। रामायण की हिंदू कहानी भी पूरे थाईलैंड में रामकियेन के नाम से प्रसिद्ध है। लगभग 2500 साल पहले जब सम्राट अशोक ने सुवर्णभूमि में भिक्षुओं को भेजा था, तब से लेकर आजतक थाईलैंड में भारतीय पुजारियों का स्वागत किया जाता रहा है। थाईलैंड की समुद्री सीमा भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ जुड़ी है।दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार थाईलैंड में रहने वाले लगभग 250,000 भारतीय और 25,000 से अधिक एनआरआई भारत-थाईलैंड संबंधों के जीवंत प्रतीक हैं। आज बड़े पैमाने पर भारतीय थाईलैंड की यात्राएं करते हैं। 15 से अधिक भारतीय शहरों से लगभग 400 साप्ताहिक उड़ानों के साथ सीधे जुड़े थाईलैंड में 2023 में लगभग 1.6 मिलियन भारतीय पर्यटक पहुंचे, तो चीन से 3.5 मिलियन। हालांकि 2023 में महज 0.11 मिलियन थाई पर्यटक ही भारत आये। थाईलैंड भारतीयों को तो अधिकतम 5 साल का वीजा देता है, लेकिन थाई एलीट वीजा चीनी नागरिकों को 20 साल तक थाईलैंड में रहने की अनुमति देता है। भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में 16.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिसमें भारत से थाईलैंड को निर्यात 5.92 बिलियन अमेरिकी डॉलर और थाईलैंड से भारत को आयात 10.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।इस असमानता को सुधारने और दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा।जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।" इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा।इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है।जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड लाख पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि जाति और जीतने की निश्चितता के आधार पर।

## आज का राशिफल

मेष राशि-
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए किसी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। साथ ही आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपका सम्मान बढने से आपको खुशी होगी। किसी करीबी पर भरोसा करने से आपको समस्या हो सकती है..

वृष राशि-
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है।आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनकेघर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खघस रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे और खूब मेहनत भी करेंगे।

मिथुन राशि-
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे और घर के बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे।

कर्क राशि-
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्च पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्व कांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

सिंह राशि-
आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे और भविष्य की कुछ योजनाओं पर बात-चीत भी करेंगे। आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा लेकिन

कन्या राशि-
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।

तुला राशि-
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में आलस्य की बजह से कमजोर रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा।

वृश्चिक राशि-
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी भावनाओं की कद्र होगी, लव मेट आज आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे।


धनु राशि-
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें और आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

मकर राशि-
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि-
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे।

मीन राशि-
आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कुछ कठिनाई तो होगी, लेकिन फिर भी आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

# ढाका झील में मिली महिला पत्रकार की लाश, मरने से पहले दोस्त के लिए लिखा पोस्ट



रहनुमा ने मंगलवार रात अपने फेसबुक प्रोफाइल पर दो गुप्त पोस्ट किए एक रात 10.24 बजे और दूसरा रात 10.36 बजे। दूसरे पोस्ट में उन्होंने फहीम फैसल नाम के व्यक्ति को टैग किया। पहली पोस्ट बांग्ला में थी। उन्होंने लिखा कि मृत्यु के अनुरूप जीवन जीने से मरना बेहतर है। दूसरी पोस्ट में उनकी और फैसल की बांग्लादेश के झंडे की पट्टी पहने तस्वीरें थीं। पोस्ट का स्थान ढाका विश्वविद्यालय दिखाया गया। 32 वर्षीय महिला पत्रकार का शव बुधवार को बांग्लादेश की एक झील से बरामद किया गया। सारा रहनुमा के रूप में पहचानी जाने वाली वह एक बंगाली भाषा के समाचार चौनल की न्यूजरूम संपादक थीं। रहनुमा का शव बुधवार तड़के ढाका की हातिरझील झील में तैरता हुआ मिला। एक राहगीर ने उसे उस हालत में देखा, शव को झील से निकाला और उसे ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) ले गया। हालाँकि, लगभग 2 बजे (स्थानीय समय) पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू मिया ने उसके शव की बरामदगी की पुष्टि की। अपनी मृत्यु से पहले, रहनुमा ने मंगलवार रात अपने फेसबुक प्रोफाइल पर दो गुप्त पोस्ट किए एक रात 10.24 बजे और दूसरा रात 10.36 बजे। दूसरे पोस्ट में उन्होंने फहीम फैसल नाम के व्यक्ति को टैग किया। पहली पोस्ट बांग्ला में थी। उन्होंने लिखा कि मृत्यु के अनुरूप जीवन जीने से मरना बेहतर है। दूसरी पोस्ट में उनकी और फैसल की बांग्लादेश के झंडे की पट्टी पहने तस्वीरें थीं। पोस्ट का स्थान ढाका विश्वविद्यालय दिखाया गया। उन्होंने लिखा कि आप जैसा दोस्त पाकर अच्छा लगा। भगवान हमेशा आपका ध्यान रखे। आशा है, आप जल्द ही अपने सभी सपने पूरे करेंगे। मैं जानता हूं कि हमने साथ मिलकर बहुत सारी योजनाएं बनाई थीं। क्षमा करें, हमारी योजनाएँ पूरी नहीं हो सकीं। भगवान आपको आपके जीवन के हर पहलू में आशीर्वाद दें। लगभग एक घंटे बाद, रात 11.25 बजे, फहीम फैसल की एक टिप्पणी है, जो रहनुमा से खुद के साथ कुछ न करने की अपील करती है। टिप्पणी में कहा गया कि आप मेरे अब तक मिले सबसे अच्छे दोस्त हैं इस दोस्ती को बर्बाद मत करो! खुद को कोई नुकसान मत पहुंचाओ।

# मोदी को आया बुलावा, भारत का जवाब सुन चीन के उड़ जाएंगे होश!



भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में शत्रुता और सीमित सहयोग का दौर रहा है। हाल के महीनों में कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी घुसपैठ के कारण ये तनाव और बढ़ गया है, जिसका कारण भारत चरमपंथी समूहों के लिए पाकिस्तान के निरंतर समर्थन को मानता है। पाकिस्तान की राजनीति में अक्सर ऐसे कदम उठाए जाते हैं जो न केवल हास्यपद होते हैं बल्कि उनकी बेबसी को भी दर्शाते हैं। इस बार पाकिस्तान ने शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की आगामी बैठक के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किए जाने की बात कही है। ये आमंत्रण ऐसे समय पर सामने आया जब भारत और पाकिस्तान के संबंध बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। हालिया मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान में आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, भारत सरकार ने दृढ़ता से इनकार कर दिया है। 15–16 अक्टूबर, 2024 को होने वाली सरकार के प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक के लिए पाकिस्तान द्वारा पीएम मोदी और अन्य नेताओं को दिए गए निमंत्रण के बाद यह अटकलें सामने आईं। विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए यह आयोजन महत्वपूर्ण है। इसे भी पढ़ेंरू चंपेजंद के पैसे हो गए खत्म, च्ड शहबाज ने नए उपकरण, मशीनरी की खरीदारी और फॉरेन ट्रिटमेंट पर लगाई रोक, स्टॉफ की भी कटौतीविदेश मंत्रालय का बयान इन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक स्पष्टीकरण जारी कर मीडिया आउटलेट्स से इस मामले पर अटकलें लगाने से परहेज करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि हमने देखा है कि कई आउटलेट ऐसी खबरें चला रहे हैं कि पीएम पाकिस्तान में एससीओ बैठक में शामिल नहीं होंगे या विदेश मंत्री पाकिस्तान में एससीओ बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है और अनुरोध करेगा कि इस संबंध में अटकलबाजी वाली खबरों से बचा जाए। संबंधों में शत्रुता और सीमित सहयोग का दौर भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में शत्रुता और सीमित सहयोग का दौर रहा है। हाल के महीनों में कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी घुसपैठ के कारण ये तनाव और बढ़ गया है, जिसका कारण भारत चरमपंथी समूहों के लिए पाकिस्तान के निरंतर समर्थन को मानता है। प्रधानमंत्री मोदी छद्म युद्ध को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका पर अपने रुख को लेकर मुखर रहे हैं। जुलाई में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर, पीएम मोदी ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और कहा कि भारतीय सेना क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से किसी भी नापाक इरादे को कुचलकर रख देगी। रूस और चीन के नेतृत्व वाला एससीओ भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मंच है, मुख्य रूप से क्षेत्रीय सुरक्षा और मध्य एशियाई देशों के साथ सहयोग के लिए। संगठन के भीतर चीन के प्रभाव के प्रति सतर्क दृष्टिकोण के बावजूद, भारत एससीओ को इन देशों के साथ जुड़ने के लिए एक आवश्यक मंच के रूप में देखता है। अन्य सदस्य देशों के विपरीत, भारत ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का समर्थन करने से लगातार इनकार किया है, जो एससीओ के संयुक्त बयानों में विवाद का मुद्दा रहा है।

# विकी डोनर को फ्रांस पुलिस ने क्यों किया गिरफ्तार, 100 से ज्यादा बच्चों के पिता, जिनके स्पर्म के लिए लगती है लंबी लाइन

डुरोव के स्पर्म के लिए महिलाओं की लंबी लाइन के लगती है। डुरोव ने दावा किया था कि स्पर्म डोनर के तौर पर वह 100 से ज्यादा बच्चों के जैविक पिता बन चुके हैं। दोस्त के अनुरोध पर 15 साल पहले उन्होंने स्पर्म डोनेशन शुरू किया था। जांच में पता चला था कि डुरोव का स्पर्म अच्छी क्वॉलिटी वाला है। यही वजह है कि उनके स्पर्म के लिए महिलाएं घंटों लाइन में लगती है। साढ़े 15 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 120वें सबसे अमीर शख्स जो न सिर्फ एक बिजनेस टॉयकून है। एक लग्जरी लाइफ स्टाइल और मौजमस्ती करना उसका शौक है। बॉडी बिल्डिंग करना, दुनिया के अलग अलग देशों में घूमना और पानी की तरह पैसा बहाना जिसका पैशन है। हम टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव की बात कर रहे हैं। रूसी मूल के अरबपति पावेल डुरोव जो कि टेलीग्राम के सीईओ हैं। उन्हें फ्रांस की राजधानी पेरिस में गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्टेंट मैसेजिंग एप टेलीग्राम के सीईओ पावेल पर कंटेंट मॉडरेशन में नाकाम रहने का आरोप लगा है। लेकिन इन सब के बीच पावेल डुरोव को लेकर एक खुलासा हुआ है कि 39 साल के पावेल 100 बच्चों के पिता हैं। वो भी बिना शादी के, लेकिन आखिर कैसे, इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं। व्हाट्सएप की तरह ही टेलीग्राम भी एक इंस्टेंट कम्युनिटी और मैसेजिंग एप है। जिसका इस्तेमाल दुनिया के दर्जनों देशों में मौजूद लाखों यूजर्स करते हैं। इसी टेलीग्राम के फाउंडर और सीईओ पावेल डुरोव हैं। जो फिलहाल सलाखों के पीछे हैं। फ्रांस की पुलिस ने डुरोव को पेरिस के एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। डुरोव की गिरफ्तारी के बाद उनसे जुड़ा सनसनीखेज खुलासा हुआ है। टेलीग्राम के सीईओ डुरोव 100 से ज्यादा बच्चों के पिता हैं। मगर 39 साल के पावेल डुरोव ने अब तक शादी नहीं की है। दावा है कि पावेल डुरोव की दर्जनों गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं। गौरतलब है कि टेलीग्राम के सीईओ के 100 बच्चों के पिता होने का दावा खुद पावेल डुरोव ने किया है। स्पर्म के लिए लगती महिलाओं की लंबी लाइनडुरोव के स्पर्म के लिए महिलाओं की लंबी लाइन के लगती है। डुरोव ने दावा किया था कि स्पर्म डोनर के तौर पर वह 100 से ज्यादा बच्चों के जैविक पिता बन चुके हैं। दोस्त के अनुरोध पर 15 साल पहले उन्होंने स्पर्म डोनेशन शुरू किया था। जांच में पता चला था कि डुरोव का स्पर्म अच्छी क्वॉलिटी वाला है। यही वजह है कि उनके स्पर्म के लिए महिलाएं घंटों लाइन में लगती है। फ्रांस की पुलिस ने क्यों किया गिरफ्तारडुरोव जिन्हें पिछले दिनों फ्रांस में गिरफ्तार किया गया। फ्रांस की कोर्ट ने मंगलवार को उनको हिरासत 2 दिनों के लिए और बढ़ा दी। ड्यूरोव पर आरोप है कि उन्होंने टेलिग्राम के जरिए चाइल्ड पोर्न समेत क्रिमिनल कंटेंट फैलाया है।



# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए घातक हमलों के पीछे क्या वजह है ? बलूच लिबरेशन आर्मी क्यों हो रही है आक्रामक!

अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने नवीनतम हमलों की जिम्मेदारी ली है, ने एक बयान में कहा कि उसने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया और पूरे प्रांत में राजमार्गों पर नियंत्रण कर लिया। सबसे घातक हमला मुसाखेल जिले के राराशम इलाके में हुआ, जो बलूचिस्तान और पंजाब की सीमा के पास स्थित है। इस्लामाबाद (पाकिस्तान)रू पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से यात्रा कर रहे लगभग दो दर्जन नागरिकों को उनके वाहनों से खींचकर हथियारबंद बंदूकधारियों ने गोली मार दी, जबकि देश के दक्षिण–पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में रविवार रात और सोमवार सुबह कम से कम छह घातक हमले हुए। इन हमलों में कम से कम 74 लोग मारे गए, जिससे बलूचिस्तान में भी हिंसा में वृद्धि हुई, एक ऐसा क्षेत्र जहां दशकों से सशस्त्र अलगाववादी आंदोलन चल रहा है, जिसका मतलब है लड़ाकों और सुरक्षा बलों के बीच अक्सर झड़पें होती रहती हैं। अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने नवीनतम हमलों की जिम्मेदारी ली है, ने एक बयान में कहा कि उसने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया और पूरे प्रांत में राजमार्गों पर नियंत्रण कर लिया। सबसे घातक हमला मुसाखेल जिले के राराशम इलाके में हुआ, जो बलूचिस्तान और पंजाब की सीमा के पास स्थित है। पुलिस के अनुसार, कम से कम 23 लोगों को उनके वाहनों से बाहर निकाला गया और पंजाबी प्रवासी श्रमिकों के रूप में उनकी पहचान स्थापित होने के बाद उन्हें मार दिया गया। प्रांतीय राजधानी क्वेटा से 140 किमी (87 मील) दक्षिण में कलात जिले में, सशस्त्र लड़ाकों ने कानून प्रवर्तन कर्मियों को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए। क्वेटा के दक्षिण–पूर्व में बोलन जिले में, रात भर में छह लोग मारे गए, जिनमें पंजाब के चार लोग शामिल थे। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि हमलों के दौरान अन्य पांच सुरक्षाकर्मी – कुल 14 – मारे गए। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और ‷21 आतंकवादियों‷ को मार गिराया। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के लिए चेतावनीजातीय बलूच का आरोप है कि पाकिस्तानी राज्य ने उनके समुदाय की उपेक्षा की है और प्रांत के खनिज संसाधनों का दोहन किया है। इस गुस्से ने अलगाववादी भावनाओं को हवा दी, 1947 में पाकिस्तान के गठन के बाद से प्रांत में कम से कम पाँच विद्रोही आंदोलन हुए हैं। विद्रोह की नवीनतम लहर 2000 के दशक की शुरुआत में प्रांत के संसाधनों के बड़े हिस्से की मांग करने और यहाँ तक कि पूर्ण स्वतंत्रता की माँग करने के लिए शुरू हुई। तब से पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने विद्रोह पर कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिसमें पिछले दो दशकों में हजारों लोग मारे गए हैं। ग्वादर, अपनी आर्थिक प्रमुखता के कारण, सशस्त्र और अलगाववादी समूहों द्वारा हिंसा का केंद्र रहा है, सबसे ताजा घटना इस साल मार्च में हुई थी, जब आठ लोगों ने ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी परिसर में घुसने की कोशिश की थी, इससे पहले कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मार डाला। रविवार को, ठल्ब ने ग्वादर में "बलूच राजी मुची" या बलूच राष्ट्रीय सभा का आह्वान किया। हालाँकि, जब विशाल प्रांत के विभिन्न हिस्सों से काफिले शहर की ओर बढ़े, तो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने वहाँ जाने वाले प्रमुख राजमार्गों को अवरुद्ध करना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप कुछ स्थानों पर झड़पें हुईं। ठल्ब का दावा है कि शनिवार को मस्तुंग जिले में ऐसी ही एक झड़प के दौरान सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ठल्ब के प्रतिनिधि बेबर्ग बलूच ने अल जजीरा को बताया, "अर्धसैनिक बल ने महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों के काफिले पर गोलीबारी की, जो क्वेटा से ग्वादर की यात्रा कर रहे थे।" सोमवार को एक बयान में, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि ‷हिंसक भीड़ द्वारा किए गए अकारण हमलों‷ में उसके एक सैनिक की भी मौत हो गई और 16 अन्य सैनिक घायल हो गए। बुधवार को लगातार पांचवें दिन ग्वादर में मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद रहने के कारण झड़पों के दौरान सुरक्षा बलों ने दर्जनों बलूच लोगों को गिरफ्तार किया। बीवाईसी ने कहा कि उनके दो प्रमुख नेताओं, सम्मी दीन बलूच और सबीहा बलूच को सोमवार को ग्वादर में अधिकारियों ने हिरासत में लिया और उनके ठिकाने का पता नहीं चल पाया है। गुस्साए प्रदर्शनकारी प्रांत के अन्य शहरों में भी इकट्ठा हुए, जिनमें प्रांतीय राजधानी क्वेटा, केच और मस्तुंग शामिल हैं, और उनकी रिहाई की मांग की। शासक वर्ग, जिसमें उसकी सेना भी शामिल है, को एक–दूसरे के साथ अपने स्वयं के द्वारा किए गए द्वेषपूर्ण संघर्षों के बजाय आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी। नागरिक सरकार के अत्यधिक अधीनता के बाद, पाकिस्तान की सेना विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने में अधिक व्यस्त दिखाई देती है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उसे फिर से चुनौती देने का कोई अवसर न मिले। आश्चर्य की बात नहीं है कि बलूचिस्तान में अपनी विशाल उपस्थिति के बावजूद, यह हमलों से पूरी तरह से आश्चर्यचकित है, जिसकी जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है, जो एक जातीय बलूच राष्ट्रवादी विद्रोह है, जिसे पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित कर दिया है। बीएलए की जड़ें वामपंथी गुरिल्ला समूहों द्वारा बलूचिस्तान पर नियंत्रण के लिए 1970 के दशक के सशस्त्र संघर्ष से जुड़ी हैं, जिसे पाकिस्तान की सेना ने बेरहमी से कुचल दिया था। 2000 के दशक के प्रारम्भ तक यह निष्क्रिय था, लेकिन 2006 में सेना द्वारा बलूच नेता अकबर खान बुगती की हत्या के बाद से यह पाकिस्तानी पंजाबी–प्रभुत्व वाली सत्ता के विरुद्ध कम तीव्रता वाला युद्ध लड़ रहा है। ीन ने बलूचिस्तान प्रांत में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की चीन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की है, जिसके परिणामस्वरूप 37 लोगों की मौत हो गई। चीनी सरकार ने पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी प्रयासों के लिए निरंतर समर्थन का वचन दिया है। मंगलवार को एक बयान में, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बलूच बंदूकधारियों द्वारा किए गए हमलों की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ चीन के दृढ़ रुख पर जोर दिया। लिन ने पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी अभियानों में समर्थन करने, सामाजिक स्थिरता बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता दोहराई। लिन ने कहा, ‷चीन क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को संयुक्त रूप से बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के साथ आतंकवाद विरोधी और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है।‷ बलूचिस्तान में हिंसक घटनाएं तब हुईं जब एक शीर्ष चीनी सैन्य अधिकारी जनरल ली किओमिंग चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (ब्च्म्ब्) की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा आकलन के लिए पाकिस्तान में थे। ब्च्म्ब्, एक 60 बिलियन डॉलर की बहु–परियोजना पहल है, जिसे बलूच आतंकवादियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने चीनी कर्मियों पर हमलों सहित गलियारे को बार–बार निशाना बनाया है।




# राष्ट्रपति चुनाव से पहले बढ़ सकती हैं डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें, सुप्रीम कोर्ट में अमेरिकी सरकार ने नया अभियोग किया दायर



सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने तीन के मुकाबले छह के बहुमत से फैसला सुनाया था कि इस संबंध में आरोपों से ट्रंप को पूरी तरह छूट प्राप्त है। उच्चतम न्यायलय ने अभियोजकों और बचाव पक्ष के वकीलों को यह बताने को कहा था कि 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के आधिकारिक कृत्यों को लेकर पूर्व राष्ट्रपतियों को अभियोजन से संभावित छूट संबंधी उसके फैसले के बाद वे मामले में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं।पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक संशोधित संघीय अभियोग का सामना करना पड़ा, जिसमें उन पर अवैध तरीकों से 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। हालांकि आरोप, उनके खिलाफ पहले लगाए गए आरोपों के समान हैं, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के जवाब में कम कर दिए गए हैं, जो पूर्व राष्ट्रपतियों को पद पर रहते हुए किए गए कार्यों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से व्यापक छूट देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने तीन के मुकाबले छह के बहुमत से फैसला सुनाया था कि इस संबंध में आरोपों से ट्रंप को पूरी तरह छूट प्राप्त है। उच्चतम न्यायलय ने अभियोजकों और बचाव पक्ष के वकीलों को यह बताने को कहा था कि 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के आधिकारिक कृत्यों को लेकर पूर्व राष्ट्रपतियों को अभियोजन से संभावित छूट संबंधी उसके फैसले के बाद वे मामले में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बताने के लिए दी गई समयसीमा से तीन दिन पहले विशेष वकील जैक स्मिथ ने नए सिरे से अभियोग दायर किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर साझा किए बयान में नए अभियोग को "हताशा में उठाया गया कदम" बताया और कहा कि यह अभियोग उन्हें निशाना बनाने की एक और कोशिश है। उन्होंने कहा कि नए अभियोग में भी "वे सभी समस्याएं हैं जो पुराने अभियोग में थीं और इसे तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए।

# पीएम शहबाज ने नए उपकरण, मशीनरी की खरीदारी और फारेन ट्रिटमेंट पर लगाई रोक, स्टाफ की भी कटौती

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में मितव्ययिता उपायों की एक श्रृंखला को हरी झंडी दी गई। सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में सफाई सेवाओं सहित गैर–प्रमुख कार्यों की आउटसोर्सिंग थी।पैसे पैसे को मोहताज पाकिस्तान अब आर्थिक तंगी के दौर से गुजरने के लिए अपने खर्च में कटौती करने का प्लान बनाया है। सरकारी खर्च पर अंकुश लगाने के एक और प्रयास में पाकिस्तान की संघीय कैबिनेट ने छह मंत्रालयों में 82 विभागों के विलय और उन्मूलन को मंजूरी दे दी, जिसे अधिकार योजना के पहले चरण में घटाकर 40 कर दिया गया। यह निर्णय तब आया है जब नकदी की कमी से जूझ रहा देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, जिससे उसे संघीय सरकार के हर कोने में पैसा खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में मितव्ययिता उपायों की एक श्रृंखला को हरी झंडी दी गई। सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में सफाई सेवाओं सहित गैर–प्रमुख कार्यों की आउटसोर्सिंग थी। इसका मतलब है कि पाकिस्तान में सरकारी क्षेत्र जल्द ही घरेलू चौकीदारों से रहित हो जाएगा। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट, डॉन के अनुसार, सुधार समिति ने लगभग 150,000 रिक्त पदों को खत्म करने की भी सिफारिश की और आकस्मिक पदों के लिए भर्ती पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। नए उपकरण, मशीनरी की खरीदारी रुकी कैबिनेट ने पिछली पीएमएल–एन सरकार द्वारा शुरू की गई मितव्ययिता नीतियों को भी बढ़ा दिया, जिसमें सार्वजनिक खर्च पर वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध, एम्बुलेंस जैसे महत्वपूर्ण मामलों को छोड़कर और अनावश्यक विदेश यात्रा और विदेश में चिकित्सा उपचार पर रोक जैसे उपायों को जारी रखा। यहां तक घ्कि नए उपकरण और मशीनरी की खरीदारी भी कम हो जाएगी।

एआई का प्रयोग करें डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, एक आधिकारिक बयान में पीएम शरीफ के हवाले से कहा गया है कि देश की शासन संरचना को विकसित करने के लिए सरकारी क्षेत्र में नई स्मार्ट प्रबंधन प्रणाली और डिजिटलीकरण पेश किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अधिकारी संवर्ग से अपेक्षा की जाती है कि वे सहायक कर्मचारियों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल उपकरणों को अपनाएं, जो अधिक तकनीकी रूप से उन्नत और लागत प्रभावी सार्वजनिक क्षेत्र की ओर सरकार के दबाव को दर्शाता है।

# बॉस सुनने के लिए आएंगे 24 हजार से अधिक भारतीय प्रवासी

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की एक अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने वाले हैं। आईएसीयू ने एक बयान में कहा कि यूनियनडेल, लॉन्ग आइलैंड में कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 590 सामुदायिक संगठनों के माध्यम से आए हैं, जिनमें से सभी ने संयुक्त राज्य भर से श्वेलकम पार्टनर्सश के रूप में हस्ताक्षर किए हैं।भारतीय प्रवासियों के 24,000 से अधिक सदस्यों ने एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं, जिसे अगले महीने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। श्मोदी एंड यूएसश प्रोग्रेस टुगेदरश कार्यक्रम 22 सितंबर को नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कोलिजीयम में आयोजित किया जाएगा, जिसकी क्षमता 15,000 है। इंडो–अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए (आईएसीयू) ने मंगलवार को कहा कि 24,000 से अधिक भारतीय–अमेरिकियों ने मेगा इवेंट में भाग लेने के लिए साइन अप किया है, एक सामुदायिक सभा जिसे मोदी संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की एक अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने वाले हैं। आईएसीयू ने एक बयान में कहा कि यूनियनडेल, लॉन्ग आइलैंड में कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 590 सामुदायिक संगठनों के माध्यम से आए हैं, जिनमें से सभी ने संयुक्त राज्य भर से श्वेलकम पार्टनर्सश के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। कार्यक्रम के एक मुख्य आयोजक ने कहा ाहिम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग ले सके। आईएसीयू ने कहा कि मोदी एंड यूएस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय–अमेरिकी समुदाय की परस्पर विविधता का जश्न मनाने वाली एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित करना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी और उद्योग, विज्ञान, मनोरंजन तथा कला क्षेत्र के प्रमुख भारतीय–अमेरिकी इसमें भाग लेंगे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरुवार 29 अगस्त 2024
sheelshukla100@gmail.com


# इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मलान ने लिया संन्यास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

डेविड मलान ने 37 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इसका ऐलान उन्होंने बुधवार को किया, उन्होंने 2023 नवंबर में आखिरी मैच इंग्लैंड के लिए खेला था। उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा एक चीज का मलाल रहेगा कि वह टेस्ट क्रिकेट में लगातार बहुत अच्छा नहीं कर पाए।

इंग्लैंड टीम के ओपनिंग बल्लेबाज डेविड मलान ने 37 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इसका ऐलान उन्होंने बुधवार को किया, उन्होंने 2023 नवंबर में आखिरी मैच इंग्लैंड के लिए खेला था। उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा एक चीज का मलाल रहेगा कि वह टेस्ट क्रिकेट में लगातार बहुत अच्छा नहीं कर पाए, जबकि टेस्ट क्रिकेट ही उनकी पहली प्राथमिकता रहा था। 36 वर्ष के मलान ने ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स आफ लंदन' से कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में अपनी सफलता से वह खुश है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मलान ने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62



टी20 मैच खेले हैं। वह टी20 प्रारूप में 2020 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में नहीं खेला है। इस दौरान मलान ने कहा कि, मैने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया

लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है।

# पाकिस्तान के बाबर आजम को नुकसान, जानें विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल की स्थिति

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट टॉप पर कायम हैं, जबकि हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में दमदार प्रदर्शन करके लंबी छलांग लगाई है। वहीं यशस्वी और विराट को फायदा पहुंचा है। यशस्वी जायसवाल को एक स्थान का फायदा हुआ और वह सातवें पायदान पर हैं जबकि विराट कोहली दो स्थान के फायदे के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं।पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नीचे खिसक गए हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग जारी की। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 6 स्थान के नुकसान के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को फायदा हुआ है। जहां इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट टॉप पर कायम हैं, जबकि हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में दमदार प्रदर्शन करके लंबी छलांग लगाई है। वहीं यशस्वी और विराट को फायदा पहुंचा है। यशस्वी जायसवाल को एक स्थान का फायदा हुआ और वह सातवें पायदान पर हैं जबकि विराट कोहली दो स्थान के फायदे के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के बाबर आजम बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले रैंकिंग में तीसरे नंबर थे। लेकिन खराब प्रदर्शन की वजह से उन्हें 6 स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 9वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे के साथ चौथे पायदान पर हैं। उनसे आगे जो रूट और केन विलियमसन और डेरिल मिचेल हैं। आईसीसी द्वारा जारी बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली हैं। बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहमान को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। रहीम ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 191 रनों की दमदार पारी खेली थी और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।



# रोहन जेटली संभालेंगे जय शाह की गद्दी, जानें उनके बारे में

जय शाह आईसीसी में अब अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में बीसीसीआई में उनकी जगह खाली हो गई है। बीसीसीआई में जय शाह की जिम्मेदारी संभालने के लिए भी नाम तय हो गया है। इस पद की जिम्मेदारी दिवंगत और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली संभालेंगे ।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेट्री जय शाह अब बीसीसीआई के सदस्य नहीं रहे है। क्रिकेट कम्यूनिटी में उनका रुतबा और अधिक बढ़ गया है। जय साह निर्विरोध रूप से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसघ्लि यानी आईसीसी के चेयरमैन बने है। महज 35 वर्ष की उम्र में आईसीसी चेयरमैन बनकर जय शाह ने नया रिकॉर्ड भी कायम कर दिया है। वो आईसीसी के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बनने वाले शख्स बन गए है ।वहीं जय शाह आईसीसी में अब अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में



बीसीसीआई में उनकी जगह खाली हो गई है। बीसीसीआई में जय शाह की जिम्मेदारी संभालने के लिए भी नाम तय हो गया है। इस पद की जिम्मेदारी दिवंगत और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली संभालेंगे। जय शाह इस वर्ष एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले के पद छोड़ने के बाद इस गद्दी को संभालेंगे। वहीं जय शाह बीसीसीआई सचिव पद पर 2019 से काबिज थे, जो अब उन्हें छोड़ना होगा। इस पद की जिम्मेदारी रोहन जेटली संभालेंगे ।जानें रोहन जेटली के बारे मेंरोहन जेटली दघ्ल्लिी एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष है। अब वो अगले बीसीसीआई सचिव बनने की तैयारी में है। क्रिकेट प्रशासन में रोहन जेटली काफी एक्टिवली हिस्सा लेते है। वर्ष 2023 में ही रोहत जेटली दूसरी बार दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने है। इससे पहले वो वर्ष 2020 में भी डीडीसीए के अध्यक्ष थे। रोहन जेटली की शिक्षा की बात करें तो उन्होंने भारत से ही कानून की डिग्री हासिल की है। उन्होंने कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री ली है ।सुप्रीम कोर्ट में करते हैं प्रैक्टिस

रोहन जेटली वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते है। वो कई केस की पैरवी भी करते है। मार्च 2024 में रोहन को दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के स्थायी वकील के तौर पर नियुक्ति मिली है। वहीं बीसीसीआई सचिव बनने के लिए उनका पक्ष काफी मजबूत है। दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्हें एडमिनिस्ट्रेशन का भी काफी अनुभव मिला है। ऐसे में रोहन जेटली का नाम अनुभवी खेल प्रशासकों में चुना जा रहा है।

उनकी लीडरशीप में ही दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 2023 वनडे वर्ल्डकप के मैचों का आयोजन हुआ था। रोहत जेटली के नेतृत्व में ही दिल्ली प्रीमियर लीग भी आयोजित की गई थी। इसमें कई स्टार खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था, जिसमें ऋषभ पंत, ईशांत शर्मा, यश धुल, आयुष बडोनी, ललित यादव शामघ्लि है।

# बर्बादी की राह पर पाक क्रिकेट! बांग्लादेश से हार के बाद इमरान खान का पीसीबी पर निशाना

वर्तमान में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में सजा काट रहे इमरान खान ने पीसीबी पर जमकर आरोप लगाए है। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को लेकर उन्होंने टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड के मौजूदा नेता देश में क्रिकेट को बर्बाद कर रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी हैं।पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व विजेता पूर्व कप्तान इमरान खान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर जमकर निशाना साधा है। पाकिस्तान क्रिकेट इन दिनों कई संकटों से जूझ रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान को मिली हार के बाद पूर्व खिलाड़ी इमरान खान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए उनकी आलोचना की है।वर्तमान में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में सजा काट रहे इमरान खान



ने पीसीबी पर जमकर आरोप लगाए है। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को लेकर उन्होंने टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड के मौजूदा नेता देश में क्रिकेट को बर्बाद कर रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी हैं। पाक के पूर्व पीएम ने सोशल मीडिया पर कहा कि क्रिकेट एकमात्र ऐसा खेल है जिसे हर व्यक्ति टीवी पर देखना पसंद करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीसीबी इस खेल को बर्बाद करने में जुटा हुआ है। अपने निजी हितों को पूरा करने के लिए पीसीबी क्रिकेट को नष्ट करने पर तुला है।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा कि नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में हर स्तर पर अपने पसंद के लोगों को जगह दे रहे है। बोर्ड में काबिलियत के अनुसार किसी को शामिल नहीं किया जा रहा है। पार्टी की दुर्दशा हो गई है। उन्होंने कहा कि ये पहला मौका है जब हम टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सकते है। इसके बाद भी टीम का प्रदर्शन नहीं सुधरा और बांग्लादेश की टीम से 10 विकेट से टेस्ट मैच हारना पड़ा। यह पाकिस्तान क्रिकेट की नई शर्मिंदगी है, लेकिन ढाई साल पहले इसी पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। ढाई साल में ऐसा क्या हुआ कि हम बांग्लादेश से 10 विकेट से हार गए? बोर्ड को इस आपदा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।" बता दें कि पाकिस्तान की टीम पिछले रविवार को इतिहास में पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट हारी है। उस हार की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट में गृह युद्ध की स्थिति बन गई है। मैच के दौरान ही कप्तान और सहायक कोच के बीच तनातनी खुलकर देखने को मिली। इन सबके माहौल में राजनीति का खेल भी जारी है. इमरान खान बोर्ड अधिकारियों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि मौजूदा सरकार क्रिकेट बोर्ड को ठीक से प्रबंधित करने में विफल रही है।

# मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल चौंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलेंगी स्टार बल्लेबाज

स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में मौजूदा चौंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलेगी। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल की तीन टीमों ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेल चुकी हैं। मंधाना हालांकि लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएगी ।एडिलेड । भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में मौजूदा चौंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलेगी। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल की तीन टीमों ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेल चुकी हैं। वह लीग के सत्र से पहले विदेशी खिलाड़ियों से अनुबंध करने के नियम के तहत रविवार को होने वाले ड्राफ्ट से पहले स्ट्राइकर्स में शामिल हो गईं। मंधाना हालांकि लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएगी क्योंकि भारत को अक्टूबर के अंत में तीन वनडे मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। भारत को एक दिसंबर को होने वाले डब्ल्यूबीबीएल फाइनल के ठीक बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलने हैं। स्ट्राइकर्स की कप्तान ताहलिया मैक्ग्रा ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा,"हम पिछले कुछ वर्षों से उसे टीम से जोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उसकी बल्लेबाजी अविश्वसनीय है। वह शानदार बल्लेबाज है और थोड़े समय में ही मैच का पासा पलटने की क्षमता रखती है।



# आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन जय शाह, जानें वो कारण जिस वजह से साबित होंगे बेस्ट आईसीसी अध्यक्ष

जय शाह को निर्विरोध अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया है। जिसके बाद जय शाह सबसे कम उम्र के आईसीसी के चेयरमैन हैं। वहीं जय शाह की इस उपलब्धि को देखकर कोई भी हैरान नहीं है क्योंकि बीसीसीआई का सचिव रहते हुए उनकी कार्यशैली हर किसी ने देखी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को निर्विरोध अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया है। जिसके बाद जय शाह सबसे कम उम्र के आईसीसी के चेयरमैन हैं। वहीं जय शाह की इस उपलब्धि को देखकर कोई भी हैरान नहीं है क्योंकि बीसीसीआई का सचिव रहते हुए उनकी कार्यशैली हर किसी ने देखी है। बता दें कि, जय शाह का क्रिकेट प्रशासन में औपचारिक प्रवेश 2009 में हुआ था। उस दौरान उन्होंने केंद्रीय क्रिकेट बोर्ड अहमदाबाद के साथ जिला स्तर पर काम करना शुरू किया। इसके बाद वह गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) के कार्यकारी के रूप में राज्य स्तरीय प्रशासन में चले गए, और अंततरू 2013 में इसके संयुक्त सचिव बने। हालांकि, कहा जा रहा है कि, जय शाह का आईसीसी चेयरमैन चुना जाना एक अच्छा फैसला है। इसका पहला कारण ये है कि जय शाह के खिलाड़ियों के साथ निजी स्तर पर अच्छे रिश्ते हैं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि भारत के आईसीसी के पूर्व प्रमुखों के खिलाड़ियों के साथ अच्छे समीकरण नहीं थे। जगमोहन डालमिया और एन श्रीनिवासन दो सफल व्यवसायी थे जो स्वाभाविक प्रशासक बने। वहीं अनुभवी राजनेता शरद पवार बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विश्वासपात्र सानियर खिलाड़ियों का नजरिया जानते थे। बाद में वह आईसीसी के प्रमुख भी बने। लेकिन शाह के मामले में चाहे वह कप्तान रोहित शर्मा हों, विराट कोहली हों, जसप्रीत बुमराह या फिर हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के साथ सहज है। अगर जय शाह के पांच साल के कार्यकाल को देखा जाए तो उन्हें दो साल (2020 और 2021) के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरना पड़ा जब कोविड–19 ने दुनिया को हिलाकर रख दिया और सब कुछ थम गया। आईपीएल के दौरान बायो बबल के निर्माण की देखरेख करना, उन बबल के भीतर चिकित्सा टीम बनाकार पॉजिविट मामलों को संभालना और टूर्नामेंटों का पूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना उन बाधाओं में शामिल था, जिसे उन्होंने पार किया।

# जले हुए बर्तन को साफ करने में छूट रहे हैं पसीने, तो इस ट्रिक से करें 5 मिनट में बर्तनों को साफ

फैमिली बड़ी हो या छोटी रोजाना खाना बनाते वक्त कुछ ना कुछ बर्तन जल ही जाते हैं, जिससे रसोई में काम करने वाली अधिकतर महिलाएं काफी परेशान रहती है. क्योंकि जले हुए बर्तनों को साफ करना एक कठिन काम हो सकता है. अगर आप भी इससे परेशान हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप जले हुए बर्तन को आसानी से कुछ मिनट में साफ कर सकती हैं.जले हुए बर्तन को आसानी से करें साफ

रसोई में खाना बनाते समय कभी–कभी बर्तन जल जाते हैं, जिससे उन्हें साफ करना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में आप जले हुए बर्तन को साफ करने के लिए बेकिंग सोडा और पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं. इसके लिए आपको जले हुए बर्तन को पहले पानी से भरकर रख देना होगा और फिर इसमें एक कप बेकिंग सोडा डाल दें. अब इस मिश्रण को कुछ घंटे के लिए साइड में रख दें, अब एक कड़क ब्रश की मदद से जले हुए हिस्से को रगडने से आप बड़ी आसानी से जले हुए बर्तन को साफ कर सकती हैं.



सिरके का करें इस्तेमाल

इसके अलावा आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं. सबसे पहले आपको जले हुए बर्तन में बराबर मात्रा में सिरका और पानी डालना होगा अब कुछ देर के लिए आप इसे गैस पर मध्यम आंच पर उबलने के लिए रख दें. जब यह ठंडा हो जाएं, तब आप इस बर्तन को रगड़ कर अच्छी तरह धो लें. इससे आपका बर्तन आसानी से साफ हो जाएगा.

टमाटर का पेस्ट

यही नहीं आप टमाटर के पेस्ट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको टमाटर के पेस्ट को जले हुए हिस्से पर लगाना होगा, थोड़ी देर तक इसे लगा रहने दे उसके बाद साफ पानी से धो लें. ऐसा करने पर जला हुआ बर्तन साफ हो जाएगा.

सोडे का इस्तेमाल

इसके अलावा आप सोडे का इस्तेमाल कर सकते हैं. सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट बना ले, फिर ऐसे जले हुए हिस्से पर लगाएं. कुछ देर बाद बर्तन धो दें. अब आप नींबू को आधा काट लें और उसमें नमक लगाकर जले हुए हिस्से पर रगड़ें. कुछ देर बाद आप इसे धो लें.इन चीजों का रखें ध्यान

इसके अलावा कुछ चीजों का ध्यान रखना चाहिए, जैसे जले हुए बर्तन को तुरंत ना धोएं. इसके अलावा ज्यादा कठोर ब्रश का इस्तेमाल न करें.

# डेंटल प्राब्लम से परेशान हैं? तो इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज... हो सकता है कैंसर

दांतों से जुड़ी समस्याएं कई लोगों के लिए एक आम परेशानी है. लेकिन कई बार यह गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं. मुंह, होंठ, जीभ और गले को प्रभावित करने वाले ओरल कैंसर को अक्सर कम गंभीर दांतों की समस्या समझ लिया जाता है. शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है, इसलिए चेतावनी के संकेतों के बारे में पता होना काफी फायदेमंद हो सकता है. यहाँ ओरल कैंसर के पांच चेतावनी संकेत दिए गए हैं जिन्हें आपको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

1. लगातार मुंह के छाले
कभी–कभार मुंह में छाले होना सामान्य बात है, खासकर तब जब आप गलती से अपना गाल काट लें या कुछ ऐसा खा लें जिससे आपके मुंह में जलन हो. हालांकि, अगर घाव दो सप्ताह से ज्यादा समय तक बना रहे और ठीक न हो, तो यह मुंह के कैंसर का संकेत हो सकता है. उन घावों पर ध्यान दें जिनसे आसानी से खून बहता हो या असामान्य रूप से दर्द होता हो.

2. गांठ या मोटे पैच



अगर आपको अपने मुंह, जीभ या गले में गांठ या ऊतक का मोटा पैच दिखाई देता है जो ठीक नहीं होता है, तो इसकी जांच करवाना जरूरी है. ये सौम्य हो सकते हैं, लेकिन ये घातक ट्यूमर की उपस्थिति का संकेत भी दे सकते हैं.

3. बिना किसी कारण के ब्लीडिंग
जबकि मसूड़ों से कभी–कभार होने वाला ब्लीडिंग बहुत जोर से ब्रश करने या मसूड़े की सूजन के कारण हो सकता है, लेकिन मुंह से बिना किसी कारण के ब्लीडिंग को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. यह मुंह के कैंसर जैसी किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है, खासकर अगर यह बार–बार और बिना किसी स्पष्ट कारण के होता है.

4. निगलने में कठिनाई या गले में लगातार खराश
अगर आपको निगलने में कठिनाई होती है, गले में लगातार खराश रहती है या ऐसा लगता है कि आपके गले में लंबे समय से कुछ फंसा हुआ है, तो यह सिफर्ध सामान्य सर्दी–जुकाम से ज्यादा हो सकता है. ये लक्षण गले या अन्नप्रणाली में कैंसर का संकेत दे सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिए.

5. आवाज में बदलाव
दो हफ्घ्ते से ज्यादा समय तक आवाज में कर्कशता या आवाज में बदलाव का मूल्यांकन डॉक्टर द्वारा किया जाना चाहिए. ये लक्षण मुंह या गले के कैंसर से जुड़े हो सकते हैं, खासकर अगर इसके साथ लगातार खांसी या गले में गांठ जैसा महसूस हो.

ऐसी दिक्कतों से जूझ रहे हैं तो इन बातों का जरूर रखें ख्याल
अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो जल्द से जल्द किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या दंत चिकित्सक से परामर्श करना जरूरी है. मुंह के कैंसर का जल्दी पता लगाने और उसका इलाज करने से सफल परिणामों की संभावना काफी बढ़ जाती है। समग्र मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और संभावित समस्याओं को जल्दी पकडने के लिए नियमित रूप से दांतों की जाँच भी जरूरी है. अपने स्वास्थ्य के बारे में सक्रिय रहना और इन चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना आपकी जान बचा सकता है. यदि कुछ भी असामान्य लगे तो चिकित्सीय सलाह लेने में संकोच न करें,

# देवरा पार्ट 1 का काउंटडाउन शुरू, जूनियर एटीआर का डबल रोल में सामने आया इंटेंस लुक पोस्टर

जूनियर एटीआर की आगामी फिल्म देवरा पार्टी 1 सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. मेकर्स ने रिलीज से ठीक एक महीने पहले फिल्म का काउंटडाउन पोस्टर लॉन्च किया है. पोस्टर में जूनियर एटीआर का नया अवतार दिखाया गया है.देवरा पार्ट 1 के मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में जूनियर एनटीआर का डबल रोल देखा जा सकता है. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, एक महीने में, उनका आगमन दुनिया को एक अविस्मरणीय बड़े पर्दे के अनुभव से झकझोर देगा. आइए 27 सितंबर को सिनेमाघरों में उनके मैजेस्टिक मैडनेस का अनुभव करें.पोस्टर में जूनियर एनटीआर के दो अवतार दिखाए गए हैं. एक में एक्टर मिस्ट्रियस लुक के साथ लंबे बालों में नजर



आ रहा. जबकि दूसरे में वह एग्रेसिव लुक में दिख रहे हैं. पोस्टर में एक्टर के नए अवतार ने फैंस का एक्साइटमेंट लेवल को हाई कर दिया है. फैंस ने कमेंट सेक्शन को फायर और लाल दिल वाले इमोजीज से भर दिया है. इस पोस्टर को फिल्म की हीरोइन जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया है. सैफ अली के बर्थडे पर मेकर्स ने फिल्म से उनके किरदार का टीजर जारी किया था और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थी. फिल्म में सैफ अली खान भैरा का किरदार निभाते नजर आएंगे. देवरा में जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर अहम भूमिका में नजर आएंगे. यह फिल्म अगले महीने यानी 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## सिद्धांत चतुर्वेदी की मालविका मोहनन संग युधा के ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस, सामने आए इंटेंस लुक पोस्टर

एक्सेल मूवीज ने अपने सोशल मीडिया पर हाल ही में मच अवेटेड एक्शन मूवी युध्रा की रिलीज डेट अनाउंस की. जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन लीड रोल में हैं. यह फिल्म कोविड की वजह से पोस्टपोन हो गई थी और अब 3 साल मेकर्स



इसे सिनेमाघरों में लाने जा रहे हैं. इसलिए फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रखने के लिए मेकर्स ने इसके ट्रेलर की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है वो भी नए पोस्टर्स के साथ जिनमें सिद्धांत और मालविका का लुक शानदार लग रहा है.एक्सल मूवीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिद्धांत और मालविका के धांसू पोस्टर शेयर किए जिनमें उनके लुक काफी इंटेंस लग रहे हैं. सिद्धांत का लुक पोस्टर में काफी इंटेंस और गुस्से वाला लग रहा है. एक्टर के पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया– युध्रा– गुस्सा जिसका हथियार है और मौत जिसकी साथी. युध्रा का ट्रेलर रिलीज होगा 29 अगस्त को. वहीं मालविका के पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा– निखत, एक ऐसी चिंगारी जो युद्ध की आग को भड़काती है. युध्रा का ट्रेलर 29 अगस्त को रिलीज होगा. इसके एक दिन पहले ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. फिल्म 20 सितंबर 2024 से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म के डायरेक्टर रवि उदयावर है वहीं इसकी कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है, इसके गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं. युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन लीड रोल में हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी धर्मा प्रोडक्शन की धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं. वहीं मालविका प्रभास की फिल्म द राजा साब में नजर आएंगी.

## घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग मेरे पसंदीदा शौक रविरा भारद्वाज

## अभिनेत्री रविरा भारद्वाज ने अपने शौक के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग बहुत पसंद है।

शो औकात से ज्यादा में उर्मिला की भूमिका निभाने वाली रविरा ने कहा, अपने खाली समय में मैं कई तरह के शौक पूरा करना पसंद करती हूं, जो मुझे खुशी और सुकून देते हैं। पेंटिंग एक ऐसी चीज है जो मुझे वाकई



सुकून देती है। यह खुद को व्यक्त करने और एक लंबे दिन के बाद आराम करने का एक तरीका है। डांसिंग मेरा एक और जुनून है, यह मुझे संगीत से जुडने का एक मौका देता है।

जियूं कैसे की अभिनेत्री ने आगे कहा, मगर मुझे घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग बहुत पसंद है। घुड़सवारी मुझे अविश्वसनीय रूप से रोमांच और जानवर से जुडने का मौका देती है। वहीं स्कूबा डाइविंग एक दूसरी दुनिया में कदम रखने जैसा है। पानी के नीचे रहना, समुद्र की सुंदरता और रहस्य से घिरा होना मुझे हमेशा शांति का एहसास कराता है।उन्होंने कहा कि अपने लिए समय निकालना मानसिक स्वास्थ्य और सेहत के लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, खुद के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है। यह संतुलित और केंद्रित रहने की कुंजी है। यह मुझे आराम देता है और मेरी ऊर्जा को रिचार्ज करता है जिससे मुझे काम पर लौटने की ताकत मिलती है। मुझे यात्रा करने और नई जगहों की खोज करने का बहुत शौक है, यह मेरा खाली समय बिताने का सबसे पसंदीदा तरीका है। लेकिन जब मैं नई जगहों की खोज करने नहीं जाती हूं तो आप मुझे घर में आनंद लेते हुए देख सकते है। यह तनाव दूर करने और खुद को तरोताजा करने का सबसे बढिया तरीका है।औकात से ज्यादा यूट्यूब चौनल केश मिंट पर स्ट्रीम हो रहा है। इस बीच रविरा को ऐसा क्यू, लिसन 2 दिल, सांवरे और कांटाल में उनके काम के लिए जाना जाता है।

## थलपति विजय की द ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम को मिला यू.ए सर्टिफिकेट, फिल्म का रन टाइम 2 घंटा 45 मिनट है

थलपति विजय की आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. वेंकट प्रभु की निर्देशित फिल्म ने पहले ही अपने ट्रेलर से ही चर्चा बटोर ली है. फैंस और दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. वहीं, मेकर्स ने फैंस के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है.

मेकर्स की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है. मेकर्स ने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है कि विजय स्टारर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की ओर से यूध्ए सर्टिफिकेट मिला है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को यूध्ए सर्टिफिकेट मिला है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के रन टाइम की बात करें तो फिल्म का टाइम ड्यूरेशन 2 घंटा 45 मिनट है.
वेंकट प्रभु की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की कहानी को गुप्त रखा गया है. उम्मीद है कि यह एक ऐसी एंटरटेनिंग क फिल्म होगी जिसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तड़का देखने को मिलेगा. फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आएंगे. वह फिल्म में पिता और बेटे दोनों का किरदार निभाएंगी. फिल्म में विजय के साथ प्रभु देवा, स्नेहा, प्रशांत, मीनाक्षी चौधरी जैसे कलकार शामिल हैं. यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में धमाल मचाने उतरेगी.

## प्रिया प्रकाश ने साड़ी पहन बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने फैंस को किया घायल

नेशनल क्रश कही जाने वाली प्रिया प्रकाश आए दिन अपने स्टनिंग अवतार से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउट से हॉट तस्वीरें



शेयर की हैं. प्रिया ने पीच कलर की साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में बांधा है और क्यूट स्माइल के साथ किलर पोज दे रही हैं. प्रिया एक एक्टर मॉडल और प्लेबैक सिंगर हैं. 2018 में उन्हें सबसे ज्यादा ख्याति उस वक्त मिली जब उनकी साउथ फिल्म ओरु अदार की एक क्लिप वायरल हो गई थी, जिसमें वे आंख मारते हुए नजर आई थीं. तभी से एक्ट्रेस को नेशनल क्रश का नाम भी मिला है.प्रिया की दिलकश अंदाओं के लाखों दीवाने हैं, लेकिन इन दिनों प्रिया के फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर हैरान हैं।

# हारर–कामेडी स्त्री 2 का बाक्स आफिस पर धमाल, वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म की कमाई

स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 12 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म स्त्री 2 पहले ही 11 दिनों में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर कई फिल्मों के रिकॉर्ड मिट्टी में मिला चुकी है. स्त्री 2 सबसे तेज 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्मों की लिस्ट में चौथे नंबर पर दर्ज हो चुकी है. वहीं, स्त्री 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये कमाने वाली 7वीं फिल्म बन चुकी हैं. अब स्त्री 2 अपने 12वें दिन की कमाई से केजीएफ 2 की हिंदी कमाई का रिकॉर्ड तोडने से चूक गई है. आइए जानते हैं फिल्म स्त्री 2 ने 12वें दिन कितनी कमाई की है.

स्त्री 2 का 12वें दिन की कमाई का ऑफिशियल आंकड़ा सामने आ गया है. स्त्री 2 ने वर्ल्डवाइड 589 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है. वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 498 करोड़ रुपये और नेट कलेक्शन 422 करोड़ रुपये का हो गया है. स्त्री 2 का ओवरसीज में ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 91 करोड़ रुपये हो गया है. स्त्री 2 ने जन्माष्टमी वाले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 20.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो कि 11वें दिन का आधा कलेक्शन है.

श्स्त्री 2य की कमाई में रिलीज के 12वें दिन गिरावट देखी गई. बावजूद इसके श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की इस फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन बाहुबली 2, सुल्तान, जवान, वॉर, गदर 2 और एनिमल का भी रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है. और पठान के बाद 12वें दिन दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है

श्स्त्री 2य के स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर ने तो लीड रोल प्ले किया ही है वहीं इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, आपारशक्ति खुराना और अभिषेक



बनर्जी ने भी अहम किरदार निभाया है. फिल्म में अक्षय कुमार, तमन्ना भाटिया और वरुण धवन का कैमियो ने भी धमाल मचा दिया है.

# देव गिल स्टारर फिल्म अहो विक्रमार्का की टीजर हुआ आउट, 5 भाषाओं में 30 अगस्त को होगी रिलीज


निर्माता डॉ मीहिर कुलकर्णी की फिध्ल्म अहो विक्रमार्का सिनेमा की पहली ब्लॉकबस्टर–पैन इंडिया फिल्म 30 अगस्त 2024 को 5 भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिध्ल्म का टीजर और मोशन पोस्टर जी7 मल्टीप्लेक्स बांद्रा मुम्बई में लॉन्च किया गया।

एक बहादुर और दृढ़निश्चयी पुलिसकर्मी की वीरतापूर्ण कहानी को देखने के लिए आप सभी तैयार हो जाइए। यह फिध्ल्म मराठी, तेलगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिध्ल्म मीहिर कुलकर्णी, आरती गिल और अश्विनी कुमार मिश्रा द्वारा प्रोड्यूस की गई है। संगीतकार रवि बसरूर हैं। महाराष्ट्र के सुपुत्र और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार लोकप्रिय दिग्गज अभिनेता देव गिल अब महाराष्ट्र के दिलों पर राज करने आ रहे हैं। तो अपनी सांसें थाम लें और अब तैयार हो जाएं एक्शन से भरपूर यह सिनेमा देखने के लिए। अभिनेता देव गिल और एसएस राजामौली फिल्म्स के एसोसिएट निर्देशक पेटा त्रिकोटी द्वारा निर्देशित इस फिध्ल्म का टीजर जबरदस्त है। उल्लेखनीय है कि इस फिध्ल्म के प्रोड्यूसर डॉ. मीहिर कुलकर्णी प्रसिद्ध समाजसेवी और परोपकारी हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के बालेगांव को गोद लिया है। परोपकार और सामुदायिक विकास के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए ग्रेविटी ग्रुप के दूरदर्शी अध्यक्ष डॉ. मीहिर कुलकर्णी ने महाराष्ट्र के वैजापुर में बालेगांव के सूखा प्रभावित क्षेत्र को आधिकारिक तौर पर गोद ले लिया है। भारत के सबसे युवा उद्यमियों में से एक डॉ. मीहिर कुलकर्णी अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मीहिर कुलकर्णी को उनके परोपकारी प्रयासों के लिए मान्यता मिली है और उन्हें राजस्थान विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त हुई है। प्राइड ऑफ महाराष्ट्र जैसे कई पुरस्कार उनके प्रभावशाली योगदान के प्रमाण हैं। अब वह फिल्म निर्माता के रूप में इतना बड़ा प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं जिसके टीजर ने सभी को चौंका दिया है।

# बाक्स आफिस पर लाखों में सिमटी खेल खेल में, वेदा गिन रही अंतिम सांसें

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस बार सिनेमाघरों में बॉलीवुड से स्त्री 2, खेल खेल मेंय और श्वेदाय रिलीज हुई थी. तीनों ही फिल्मों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी के आगे अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्में टिक नहीं पाईं. जहां श्स्त्री 2य हर दिन नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है तो खेल खेल में रेंग–रेंग कर आगे बढ़ रही है और श्वेदाय तो बॉक्स ऑफिस पर दम ही तोड़ चुकी है. ये फिल्में पहले वीकेंड पर ही फुस्स हो गई थीं और दूसरे वीकेंड पर तो श्खेल खेल मेंय और श्वेदाय की लुटिया ही डूब गई. चलिए यहां जानते हैं दूसरे मंडे को इन दोनों फिल्मों का क्या हाल हुआ है?अक्षय कुमार की श्खेल खेल मेंय के साथ तो बड़ा खेल ही हो गया है. कहां हर कोई आस लगाए बैठा था कि ये मल्टीस्टारर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कलेक्शन करेगी लेकिन सारी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए संघर्ष कर रही है. हालांकि खूब पसीना बहाने के बाद भी श्खेल खेल मेंय बॉक्स ऑफिस पर स्पीड नहीं पकड़ पाई है और अब तो ये डिजास्टर ही साबित हो चुकी है. ऐसे में इस फिल्म से कोई और







उम्मीद लगाना बेकार ही है.वहीं कमाई की बात करे तो श्खेल खेल मेंय ने पहले हफ्ते में 19.35 करोड़ की कमाई की थी. इसके बाद दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 70 लाख कमाए. दूसरे शनिवार श्खेल खेल मेंय ने 1.35 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं दूसरे रविवार खेल खेल मेंय की कमाई 1.75 करोड़ रही. अब अक्षय कुमार की फिल्म की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्खेल खेल मेंय ने रिलीज के 12वें दिन 85 लाख रुपये कमाए हैं. इसी के साथ श्खेल खेल मेंय ने 12 दिनों में 24 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.रिलीज के पहले दिन जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की एक्शन पैक्ड फिल्म ने अच्छी ओपनिंग की थी लेकिन ये नहीं पता था कि दूसरे ही दिन दर्शक इस फिलम से मुंह फेर लेगें. बता दे कि इस फिल्म की कमाई का ग्राफ पहले ही हफ्ते में ध्ड़ाम हो गया था और ये लाखों में सिमट गई थी.. तब से लेकर आज का दिन है वेदाय बॉक्स ऑफिस पर उबर नहीं पाई है उल्टा अब तो ये चंद लाख भी कमाने में खूब पसीना बहा रही है. स्त्री 2 के आगे तोवेदा ढेर हो ही चुकी थी वहीं अब ये फिल्म अक्षय कुमार की खेल खेल में से भी पिछल गई है. वेदाय की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस बेहद शर्मनाक है और ये बुरी तरह फ्लॉप हो चुकी है. हालांकि फिलहाल कोई नहीं फिल्म इस शुक्रवार को रिलीज नहीं हुई इसके चलते ये टिकट काउंटर पर घिसट रही है वर्ना इसका तो कब का पैकअप हो चुका होता.वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो श्वेदाय ने पहले हफ्ते में 17.6 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे श्वेदाय ने 30 लाख, दूसरे शनिवार 55 लाख और दूसरे रविवार 80 लाख का बिनेस किया. वहीं अब श्वेदाय की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.
सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक वेदाय ने रिलीज के 12वें दिन 34 लाख रुपये कमाए हैं. इसके बाद वेदा का 12 दिनों की कुल कलेक्शन अब 19.59 करोड़ रुपये हो गया है।

# स्त्री 2 ने जन्माष्टमी के मौके पर देश में 500 करोड़ क्लब में मारी एंट्री, वर्ल्डवाइड 600 करोड़ की दहलीज पर पहुंची

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की मुख्य भूमिका वाली यह हॉरर कॉमेडी हर दिन बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना रही है। हाल ही में इस फिल्म ने 400 करोड़ के प्रतिष्ठित क्लब में प्रवेश किया है और अब यह 500 करोड़ के आंकड़े को पार करने के लिए तैयार है।स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस रिकॉडर्रू श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की मुख्य भूमिका वाली यह हॉरर कॉमेडी हर दिन बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना रही है। हाल ही में इस फिल्म ने 400 करोड़ के प्रतिष्ठित क्लब में प्रवेश किया है और अब यह 500 करोड़ के आंकड़े को पार करने के लिए तैयार है। अमर कौशध्कि के डायरेक्ध्शन में बनी यह हॉरर–कॉमेडी एक ओर जहां 600 करोड़ क्ध्लब की दहलीज पर खड़ी है, वहीं देश में सबसे अधध्कि कमाई करने वाली टॉप–10 फिल्ध्मों की लिस्ध्ट में भी एंट्री करने वाली है।क्यों इस डांस को माना जाता है उत्तेजक? जानिए कैसे हुआ ये शुरू 15 अगस्त को फिल्म की दुनिया भर में रिलीज के बाद से स्त्री 2 ने अपने नाम कई रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। हमने स्त्री 2 के अब तक के कुछ बड़े रिकॉर्ड सूचीबद्ध किए हैं। स्त्री 2 के बड़े रिकॉर्ड 200 करोड़ क्लब – हॉरर कॉमेडी को 200 करोड़ क्लब में प्रवेश करने में सिर्फ चार दिन लगे, जो इस शैली की किसी भी फिल्म के लिए सबसे तेज है।कुल मिलाकर, यह शाहरुख खान की जवान और पठान और रणबीर कपूर की एनिमल के बाद चौथे स्थान पर है। दूसरा रविवार – स्त्री 2 इस मामले में तालिका में





शीर्ष पर है क्योंकि फिल्म ने अपने दूसरे रविवार को 40.75 करोड़ रुपये कमाए, जिसने गदर 2, बाहुबली 2 (हिंदी), जवान और एनिमल जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया।दूसरा सोमवार – अमर कौशिक निर्देशित इस फिल्म ने अपने दूसरे सोमवार को 20.20 करोड़ रुपये कमाए, जिसने सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर जिंदा है के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।11 दिनों के बाद कलेक्शन – स्त्री 2 इस श्रेणी में शाहरुख खान की जवान से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के 11 दिनों के बाद, फिल्म ने एनिमल, गदर 2 और पठान को पीछे छोड़ते हुए 401.65 करोड़ रुपये कमाए।सबसे तेज 300 करोड़ रुपये – स्त्री 2 जवान, पठान, एनिमल और गदर 2 से पीछे रहकर पाँचवीं सबसे तेज 300 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म बन गई।

# जिलाधिकारी ने किया राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना का औचक निरीक्षण

## छात्रों के साथ मेस में किया भोजन, परखी गुणवत्ता



ब्यूरो देवरिया

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बुधवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों से सीधा संवाद स्थापित कर बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्रों के साथ दोपहर का भोजन विद्यालय के मेस में ही कर उसकी गुणवत्ता परखी। डीएम ने सभी छात्रों के अभिभावकों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के लिए आश्वस्त किया। जिलाधिकारी आज अपराह्न लगभग 1रू40 पर राजकीय आश्रम पद्धति, विद्यालय मेहरौना पहुंची। उन्होंने सर्वप्रथम प्रभारी प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार सिंह से विद्यालय की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया के आज 122 छात्र एवं सात अध्यापक विद्यालय में उपस्थित हैं। इसके पश्चात डीएम ने सभी छात्रों से सीधा संवाद किया। छात्रों ने विद्यालय के मेस में बन रहे भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। छात्रों ने विद्यालय में नियमित फॉगिंग कराने, विद्युत की आपूर्ति बढाने की मांग की जिस पर डीएम ने उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। डीएम ने बताया कि विद्यालय में सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। फॉगिंग नियमित रूप से होगी। डीएम ने छात्रों की करियर काउंसलिंग भी की तथा उन्हें बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित भी किया। छात्रों ने उनसे आईआईटी, आईआईएम एवं आईएएस परीक्षा से संबंधित सवाल पूछे। डीएम ने कहा कि कभी भी असफलता के डर से नहीं डरना चाहिए बल्कि, इस डर पर काबू करना चाहिए। मेहनत से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।डीएम ने किया मेस में छात्रों के साथ भोजन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने विद्यालय के मेस में ही छात्रों के साथ दोपहर का भोजन कर उसकी गुणवत्ता परखी। डीएम ने स्वयं कतार में खड़ी होकर काउंटर से अपना भोजन लिया तथा छात्रों के साथ बैठकर खाया। मेन्यू के अनुसार आज चावल, दाल, रोटी और मिक्स सब्जी बना था।

इस दौरान भी वे छात्रों को प्रेरित करती रहीं। उल्लेखनीय है कि गत 5 अगस्त को विद्यालय फूड प्वाइजनिंग की घटना हुई थी।

डीएम ने भोजन की गुणवत्ता पर संतोष जताया तथा सभी अभिभावकों को विद्यालय में सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया।

# ठोष अपशिष्ठ प्रबंधनके संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा–निर्देश तथा माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका सीमान्तर्गत मोहल्ला गांधीनगर, नेतरी बाजार, सिद्घार्थनगर में किया गया उक्त विशेष जागरूकता शिविर में प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी श्रेय कुमार वर्मा सिविल जज जू०डि०एफ०टी०सी०–1 व प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी ऋचा चौधरी सिविल जज जू०डि०एफ०टी०सी०–2 एवं नगर पालिका परिषद व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी तथा मोहल्ला गांधीनगर के सभासद व आमजन उपस्थित रहे मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,सचिव द्वारा शिविर को संबोधित करते हुए उपस्थित जनमानस को उक्त विषयक पर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुरक्षित और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से कचरे को इकट्ठा करने, उपचार और निपटान की प्रक्रिया है ठोस अपशिष्ट का अनुचित निपटान पर्यावरण प्रदूषण, स्वास्थ्य जोखिम और सौंदर्य क्षरण हो सकता है इसका वन्यजीव और पारिस्थितिक तंत्र पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है ठोस अपशिष्ट में हानिकारक रसायन और विषाक्त पदार्थ हो सकते हैं जो मिट्टी और पानी में लीच कर सकते हैं, जिससे संदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा हो सकते हैं शिविर को संबोधित करते हुये श्रेय कुमार वर्मा सिविल जज जू०डि०एफ०टी०सी०–1 द्वारा उपस्थित जनसमूह बताया गया कि लगातार बढ़ते शहरीकरण और जनसंख्या के साथ, अपशिष्ट प्रबंधन ने देश में एक बड़ी चुनौती पेश की है ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 परिभाषित 'ठोस अपशिष्ट ' ठोस या अर्ध–ठोस अपशिष्ट के रूप में जिसमें शामिल हैं– सेनेटरी अपशिष्ट, घरेलू कचरा,



संस्थागत अपशिष्ट, वाणिज्यिक अपशिष्ट, खानपान और बाजार की बर्बादी, अन्य गैर–आवासीय अपशिष्ट, सतह की नालियों से निकाला या एकत्र किया गया गाद, सड़क पर सफाई, बागवानी अपशिष्ट, औद्योगिक अपशिष्ट, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट इत्यादि नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (डैं) प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को निष्पादित करने के लिए बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार हैं शिविर को संबोधित करते हुये श्रीमती ऋचा चौधरी सिविल जज जू०डि०,एफ०टी०सी०–2 द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का पालन न करने पर लगने वाले जुर्माने पर विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश में ठोस अपशिष्ट व कचरा (प्रबंधन संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2019) के अन्तर्गत यह व्यवस्था की गई है कि कूडा निकासी को जगह पर अलग–अलग कूडेदान में रखा जाएगा कूडा उठाने वाले को लोगों को कूडा अलग–अलग ही देना होगा नियमावली में यह भी उल्लिखित है कि जानबूझकर गंदगी फैलाने पर नगर निगम या नगर पालिका उनके विरूद्घ सख्त कार्यवाही कर सकती है कूडा घरों से उठवाने के लिए फीस भी तय है जिसे आमजन को देना होगा साथ ही बडे प्रतिष्ठानों को कूडा निस्तारण का लाइसेंस भी लेना होगा साथ ही साथ यह भी बताया गया कि किसी खाली जमीन या बगीचे में कूडा फैलाने या फेकने पर 300६– रूपये, किसी नदी या तलाब के किनारे या उसके अन्दर कूडा फेकने पर 400६– रूपये, किसी सार्वजनिक स्थान या सडक पर गंदगी फैलाने पर 300६– रूपये, स्कूल व अस्पताल के पास गंदगी फैलाने पर 400६– रूपये, गाडी से गंदगी फेंकने–थूकने पर 500६– रूपये, कचरा मिटटी से दबाने या जलाने पर 1200६ – रूपये, किसी प्रकार का मलबा सडक के किनारे रखने पर 1500६– रूपये, सीवर लाइनों में कचरा डालने पर 200६– रूपये, नाली–सीवर चोक करने पर 200६– रूपये, भंडाराध्लंगर में डस्टबिन की व्यवस्था न करने पर 1200६ – रूपये, अगर घरों में पानी जमा होता है तो 3000६– रूपये व बडे कारखानों में कोई औद्योगिक कूडा निकलने परध्बूचडखाना से निकलने वाले कचडे को सार्वजनिक नाले में बहाने पर 3000६– जुर्माना का प्राविधान है उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलिंटियर श्रीमती सुशीला देवी एवं पैरालीगल वॉलिंटियर श्री रमानाथ मिश्र उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा प्राथमिक विद्यालय, टड़वा विकास क्षेत्र डुमरियागंज का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 61 बच्चे का नामांकन है जिसमे 22 बच्चे उपस्थित थे विद्यालय भवन जर्जर हो जाने के कारण छत से पानी टपक रहा है। बच्चे जूता मोजा नही पहने थे। जिलाधिकारी द्वारा अभिभावको की नियमित बैठक कराने तथा बच्चों के अभिभावको को प्रेरित कर जूता–मोजा, ड्रेस आदि खरीद ले टीएलएम का सामान अन्दर रखा गया था तथा शिक्षक डायरी नही भरा गया था व समय सारिणी नही बना था जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक काजी महफूजुलहक का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा 15 दिवस के अन्दर सुधार लाने का निर्देश दिया शिक्षा मित्र मीना त्रिपाठी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थी जिस पर जिलाधिकारी ने आज का वेतन काटने का निर्देश दिया विद्यालय की दीवाल पर किसी भी प्रकार की पेन्टिंग नही कराया गया था तथा कार्य में शिथिलता पाया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया इसके साथ ही निर्देश दिया कि सुबह 08 बजे से क्षेत्र में रहकर विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणपत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया विद्यालय में कोई भी रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया इसके साथ ही शिक्षा मित्र रोहिनी त्रिपाठी द्वारा शिक्षक डायरी नही भरा गया था जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस दिया गया स्कूल का भवन ठीक नही था।






# एक दिवसीय रोजगार मेला का किया गया आयोजन

ब्यूरो देवरिया देवरिया। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेन्टर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर आई०टी०आई० कैम्पस देवरिया में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में 43 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कुल 03 कम्पनी द्वारा 24 रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। प्रभारी सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा द्वारा सफल अभ्यर्थियों को धन्यवाद एवं असफल बेरोजगार अभ्यर्थियों को पुनः कठोर परिश्रम कर सफल होने का संदेश दिया।

# जनपद देवरिया में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, यूपी नेडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अन्तर्गत जनपद देवरिया में 10000 ऑन–ग्रिड सोलर पावर प्लांट संयंत्र स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके वृहद प्रचार प्रसार तथा विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्युत विभाग, यूपीनेडा, एलडीएम देवरिया तथा यूपी नेडा में इम्पैनल्ड वेण्डर के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी यूपी नेडा गोविन्द तिवारी द्वारा योजना की बारिकियों कि जानकारी प्रदान की गई एवं आवेदक के सापेक्ष कम सोलर पावर प्लांट स्थापित होने पर सम्बन्धित वेण्डरों को निर्देशित किया गया कि समस्त आवेदकों से सम्पर्क कर सोलर पावर प्लांट स्थापना के कार्य में तत्काल प्रगति लायें। उक्त योजना को गति प्रदान करने हेतु बैठक में उपस्थित वेण्डरों को प्रचार प्रसार में और बढोतरी करने का सुझाव दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने वेण्डरों कि समस्याओं को शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश समस्त अधिशासी अभियंताओं को दिए, जिसमें नेट मीटर की उपलब्धता तथा उनकी टेस्टिंग, बिल सुधार सम्बन्धित समस्याएं शामिल थी। बैठक के अन्त में परियोजना अधिकारी यूपी नेडा द्वारा पी०एम० कुसुम सी–1 के क्रम में भी जानकारी दी गई एवं विद्युत विभाग से उक्त योजना में भी नेट मीटर स्थापित कराने में तीव्रता प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया।




# विकास खंड डुमरियागंज के ग्राम सभा मे मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण



ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड डुमरियागंज में ग्राम पंचायत–६ानखरपुर में पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय श्री अमित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, डुमरियागंज, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे। पंचायत भवन में सचिव द्वारा ग्राम पचांयत में कराये गये निर्माण कार्यो की पत्रावली रजिस्टर आदि रखा गया है। पंचायत सहायक द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं निवास–आय एवं पेंशन सम्बन्धित पोटर्ल पर आन किया जा रहा है, परन्तु संख्या कम है। ग्राम पंचायत में जन्म मृत्यु पंजिका अवलोकन किया गया। मृत्यु पंजिका में विवरण अंकित किया जा रहा है। जन्म पंजिका में केई अंकन नही है। ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्राप्त नही हो रहे है। ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यायल में रैम्प निर्माण एवं रामचरन के घर से सागर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम में आर0सी0सी0 निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे अतिशीध्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। पंचायत भवन में पुस्ताकय बनाया गया है, जिसे सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये। मुख्य मार्ग से पंचायत भवन तक सम्पर्क मार्ग नही है, जिसका निर्माण करने के निर्देश दिये गये। परिसर में पौध रोपण एवं सुन्दरीकरण करने के निर्देश दिया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न कार्यों का किया स्थलीय सत्यापन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा विधायक निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत विकास खण्ड–डुमरियागंज में कराये गये कार्य का स्थलीय सत्यापन किया गया ग्राम पंचायत–भनवानपुर में मुख्य मार्ग से अब्दुल हमीद के घर तक 220 मी0 इण्टरलाकिंग कार्यः–योजनान्तर्गत इण्टरलाकिंग कार्य पूर्ण पाया गया, मुख्य मार्ग से पुलिया तक 8–10 मी0 इण्टरलाकिंग कार्य अवशेष पाया गया इण्टरलाकिंग बीच में खराब हो गयी है, कई स्थान पर ऐजिंग क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसे ठीक कराने के निर्देश दिये गये ग्राम पंचायत–६ानखरपुर में मुख्य मार्ग से ग्राम को जाने वाले मार्ग पर 3 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्यः– प्राक्कलन के अनुसार 6 मी0 चौडाई एवं 3 मी0 लम्बाई में आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य कराया जाना है, निरीक्षण के समय पुलिया कार्य पूर्ण पाया गया। स्पान की लम्बाई एवं चौडाई का मापन किया गया जो प्राक्कलन के अनुसार पाया गया।



# विधुत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक देर रात्रि हुई सम्पन्न

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता में देररात्रि कलेक्ट्रेट सभागार में की गई बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर पिछले माह के बैठक की प्रगति की समीक्षा की गयी आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत पुराने तारों को बदलकर केबल का तार लगाने का कार्य कार्यदायी एजेंसी राज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा माह अगस्त 2024 का लक्ष्य 100 किमी. के सापेक्ष 13.5 किमी केबल बदलने का कार्य किया गया है इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को माह सितम्बर में 100 किमी0 केबल लगाने का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करने का निर्देश दिया, कार्य पूर्ण न होने की दशा में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि प्रतिदिन विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करें जनता की समस्याओ का निस्तारण कराए समस्त जेई जनता के फोन को उठायें और बिजली की



समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें नगर निकाय कपिलवस्तु एवं शोहरतगढ़ में जर्जर तारो को बदलने का कार्य माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाये प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के ऊपर से गये विद्युत तारों को 30 अगस्त तक चिन्हित करते हुये 31 अगस्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया बिजनेस मार्केट में नीचे लटके विद्युत के तारों को ठीक करायें ट्रान्सफार्मरों का क्षमता बढ़ाने का कार्य 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया मुख्य चौराहो पर खुले में रखे ट्रांसफार्मरों में जाली लगाने का निर्देश दिया एसडीओ इटवा सुनील कुमार श्रीवास्तव की प्रगति ठीक नही पाया गया 15 दिवस में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया जेई लोटन बैठक में अनुपस्थित थे उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया एसडीओ डुमरियागंज व बांसी के बिलिंग की प्रगति ठीक नही पाया गया जिलाधिकारी ने मैनपावर बढ़ाकर बिलिंग के कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन स्थानो पर लो बोल्टेज की समस्या आ रही है वहां पर ट्रांसफार्मरो की क्षमता वृद्धि की कार्यवाही सुनिश्चत कराते हुए लो बोल्टेज की समस्या का समाधान कराये इसके साथ ही जर्जर तार व विद्युत पोल को बदलने तथा शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदलवाना सुनिश्चित करें विद्युत विकास निधि से ट्रांसफार्मरों के फेंसिंग एवं विद्यालयों के ऊपर से तारों को हटाने के लिए स्टीमेट बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया समस्त अधिशासी अभियन्ता को विद्युत के बकाये बिलों की वसूली में प्रगति लाकर लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत, समस्त एसडीओ व जेई0 आदि उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।